


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 16 अंक - 11 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 23 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




# नाम तय फिर भी 33 निगम व मंडलों में रूक गई नियुक्तियां, अब चुनाव नतीजे का इंतजार

श्रीकंचनपथ न्यूज डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बने 10 महीने का समय बीत चुका है, बावजूद इसके अब तक निगम-मंडलों में नियुक्तियां पूरी नहीं हो पाई हैं। पहले लोकसभा चुनाव की वजह से नियुक्तियों को टाला गया और अब रायपुर दक्षिण उपचुनाव की वजह से नियुक्तियां आगे खिसक गई है। कुल 33 निगम-मंडल ऐसे हैं, जहां नियुक्तियां किया जाना है। बताते हैं कि इसके लिए चेहरों का चुनाव कर लिया गया है। सूची भी तैयार है। लेकिन उपचुनाव के चलते पेंच फंस गया है। अब उपचुनाव के नतीजों के बाद ही राजनीतिक नियुक्तियां किए जाने की संभावना है। जानकारों के मुताबिक, हर हाल में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले नाम घोषित कर दिए जाएंगे, ताकि स्थानीय स्तर पर इसका फायदा मिल सके।

छत्तीसगढ़ के 33 निगम-मंडल में होने वाली नियुक्तियों पर अब रायपुर-दक्षिण उपचुनाव की तलवार लटक गई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि उपचुनाव के बाद ही निगम-मंडल में नियुक्तियां होने की उम्मीद है। लेकिन इतना जरूर है कि निकाय चुनाव के पहले ये नियुक्तियां हो जाएंगी। इनमें नियुक्तियों के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही प्रवक्ता व संगठन में काम करने वाले लोग अब भी लगे हुए है। निगम-मंडल में नियुक्तियों के लिए सिफारिशें भी पुरजोर तरीके से की जा रही है। इतना तो तय माना जा रहा है कि निकाय चुनाव के पहले सूची जारी की जा सकती है। भाजपा के लिए निगम-मंडल में नियुक्तियां चुनौती बनती जा रही है। वहीं, इन दिनों सोशल मीडिया में सेवानिवृत्त अधिकारियों को कमान सौंपे जाने का विरोध भी शुरू हो गया है।



## कांग्रेस में सब ठीक है?

विधानसभा चुनाव में सत्ता गँवाने के बाद से कांग्रेस में खिलाफत के जो सुर उठना शुरू हुए, वह लोकसभा चुनाव में भी सुनाई दिए। अब रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में भी उसकी गूंज सुनाई दे रही है। कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए भाजपा के धाकड़ नेता सुनील सोनी के सामने युवा और फ्रेश चेहरे के रूप में आकाश शर्मा को उतारा है। कहा जा रहा है कि आकाश शर्मा के पास युवाओं की खासी फौज है। लेकिन पार्टी के भीतर ही उनके नाम को लेकर एक अलग तरह का माहौल है। भाजपा ने तो आकाश शर्मा को बाहरी प्रत्याशी तक बता दिया है। ऐसे में पहले से ही प्लस चल रही भाजपा खुश हो सकती है। कांग्रेस के जानकारों का कहना है कि पार्टी के नेता ऊपरी तौर पर जरूर संगठित दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अंदर से उनमें अलगाव है, जिसका असर चुनाव के नतीजों पर पड़ सकता है। जानकारों का यह भी कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी चीफ दीपक बैज की राहें जुदा हो चुकी हैं। पार्टी हाईकमान से भी भूपेश को ज्यादा तवज्जो नहीं मिल रहा है। उपचुनाव में टिकट वितरण में भी उनकी नहीं चल पाई। इस तरह के तमाम हालात कांग्रेस के लिए उपयुक्त नहीं है।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खुद संभाली कमान

रायपुर दक्षिण सीट का लगातार 8 बार प्रतिनिधित्व करने वाले वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने स्वयं उपचुनाव की कमान संभाल ही है। इससे पहले भाजपा ने उनकी पसंद पर मुहर लगाते हुए सुनील सोनी को प्रत्याशी घोषित किया था। अब श्री सोनी को चुनाव जितवाकर लाने की जिम्मेदारी भी बृजमोहन की ही है। माना जाता है कि बृजमोहन अग्रवाल को चुनाव जीतने और जितवाने में महारत है। उन्हें बूथ मैनेजमेंट का गुरू भी माना जाता है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बृजमोहन पूरी तरह से



सक्रिय हो गए हैं और उपचुनाव के लिए चक्रव्यूह बुनना भी शुरू कर दिया है। हाल ही में उन्होंने रायपुर क्षेत्र के सभी विधायकों के साथ चर्चा की थी, ताकि चुनाव प्रचार लेकर तमाम तरह की रणनीति को आगे बढ़ाया जा सके। बताते हैं कि भाजपा द्वारा कुछ माह पूर्व हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव के हिसाब से आगे की रणनीति तय की जा रही है। इसके लिए पहले उन वार्डों और बूथों पर फोकस किया जा रहा है, जहां भाजपा की लीड कम रही। ऐसे क्षेत्रों को चिन्हांकित कर यहां ज्यादा-ज्यादा से प्रचार करने पर फोकस किया जा रहा है।

पार्टी के जानकारों का दावा है कि निगम-मंडल की सूची तैयार हो गई है और नाम लगभग तय हो गए है, लेकिन रायपुर दक्षिण के संग्राम को देखते हुए कुछ समय के लिए इसे टाला गया है। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि आने वाले दिनों में नगरीय निकाय चुनाव भी होने है। इधर, यह चर्चा शुरू हो गई है कि निकाय चुनाव के पहले निगम-मंडल के लिए सूची जारी करनी होगी ताकि भाजपा नगरीय निकाय चुनाव को भुना सके। साथ ही इस सूची में कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी का भी ध्यान रखना होगा। गौरतलब है कि रायपुर दक्षिण का प्रत्याशी तय होने के बाद अब निगम-मंडल के लिए दावा किया जा रहा है। ऐसे लोग अपना दावा पेश कर रहे है, जिन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में प्रवेश किया था। इसके साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता तो लगे ही हुए है। निगम-मंडल में उन नेताओं को जगह मिलने की चर्चा है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया था। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में भाजपा सरकार बने 10 महीने हो गए है। पहले तो लोकसभा चुनाव के कारण नियुक्तियों को रोका गया। इसके बाद अब निकाय चुनाव के पहले पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा सकती है।

## दोनों प्रत्याशी पहली बार लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रत्याशी पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। हालांकि भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी रायपुर नगर निगम के महापौर और रायपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद रह चुके हैं, लेकिन उन्होंने विधानसभा का चुनाव कभी नहीं लड़ा। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने पिछले दो विधानसभा चुनाव में टिकट जरूर मांगी थी, लेकिन पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी नहीं बनाया। आकाश पूर्व में एनएसयूआई और वर्तमान में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वे ब्राह्मण वर्ग से हैं। रायपुर दक्षिण के चुनाव में यह फैक्टर इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि क्षेत्र में 40 हजार से ज्यादा वोटर्स इसी वर्ग से हैं। ब्राह्मणों ने दोनों दलों से प्रत्याशी देने की मांग की थी, लेकिन भाजपा ने पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को चुना। इधर, कांग्रेस यह मानकर चल रही है कि आकाश शर्मा का युवा कांग्रेस का अध्यक्ष और ब्राह्मण होना फायदेमंद साबित हो सकता है।

## खास-खबर

### सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता दो इनामी नक्सली समेत 5 ढेर

**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र बॉर्डर पर हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों की टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की टीम को भामरागढ़ में नक्सलियों के जमावड़े की सूचना मिली थी। इस बीच पुलिस की संयुक्त सर्चिंग टीम मौके पर पहुंची थी।दरअसल इस बीच गढ़चिरौली में हुए मुठभेड़ में 16-16 लाख के इनामी नक्सली समेत 5 माओवादी को ढेर कर दिया है। जिसमें 3 महिला और दो पुरुष नक्सली मारे गए हैं। इस दौरान डीवीसीएम जया और अंकुत दशक तुलवी भी ढेर हुए हैं। बता दें कि ये सभी नक्सली बस्तर और महाराष्ट्र बॉर्डर पर सक्रिय थे.।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम को भामरागढ़ में नक्सलियों के जमावड़े की सूचना मिली थी। इस बीच पुलिस की संयुक्त सर्चिंग टीम मौके पर पहुंची थी। तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर घात हमला किया था। इसके बाद पोजीशन लेकर फोर्स ने उन पर अपनी जवाबी कार्रवाई की है, जो लगभग 2 घंटे तक चलती रही और अंत नक्सली यहां से भागना पड़ा था। इसके बाद घटनास्थल पर जब तलाशी ली गई तो मौके से पांच शव और हथियार बरामद किया है।

# सीएम ने बिजली सखियों को वितरित किए बिजली किट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हो रही सार्थक पहल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में बगीचा विकास खंड की स्व-सहायता समूहों की 21 बिजली सखियों को बिजली किट प्रदान किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिलाओं को बेहतर ढंग से काम करने के लिए उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय भी उपस्थित थी।



उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देकर उनके आय में वृद्धि करने के लिए सार्थक पहल की जा रही है। बिजली सखी योजना पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला प्रशासन और जनपद पंचायत बगीचा के संयुक्त प्रयास से लागू किया जा रहा है। बिजली सखी अंतर्गत महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। बिजली विभाग के पास मीटर रीडर की कमी के कारण उपभोक्ताओं के बिजली मीटर की नियमित रीडिंग नहीं हो पाती है। इससे उपभोक्ताओं को एक साथ अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ता है।

जिला प्रशासन द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मीटर रीडिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें बिजली सखी बनाया गया है। बिजली सखी के द्वारा नियमित रूप से मीटर रीडिंग किया जाएगा। इस पहल से विद्युत उपभोक्ताओं को नियमित बिजली का बिल मिलेगा, जिससे वे कम बिल का भुगतान कर पाएंगे। साथ ही एक घर में मीटर रीडिंग करने से बिजली सखी को 12 रूपए बिजली विभाग के द्वारा भुगतान किया जाएगा। इससे समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध होगा और उन्हें नियमित आय होगी। इससे बिजली सखी के रूप में जनपद क्षेत्र में लखपति दीदी की संख्या भी बढ़ेगी। जशपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 महिलाओं को बिजली सखी बनाया गया है। जिला में 300 महिलाओं को बिजली सखी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।


# महाराष्ट्र चुनाव के लिए NCP ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

## बारामती से लड़ेंगे अजित पवार

**मुंबई (एजेंसी)।** अजित पवार वाली एनसीपी ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को 38 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी। इसमें उप मुख्यमंत्री अजित पवार बारामती से, छगन भुजबल येवला से तथा दिलीप वाल्से पाटिल अंबेगांव से चुनाव लड़ेंगे।

### महाराष्ट्र में विपक्षी खेमा कितना मजबूत

इसके अलावा विपक्षी खेमे (महाविकास अघाड़ी- MVA) में कुल 71 विधायक हैं। विपक्ष में कांग्रेस 37 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के 16 विधायक हैं। वरिष्ठ राजनेता शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP-SP) के 12 विधायक हैं। समाजवादी पार्टी के दो, सीपीआईएम और पीडब्लूपीआई के एक-एक विधायक हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के दो विधायक भी विपक्षी खेमे में हैं। 15 विधानसभा सीटें खाली हैं।



राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी

दिनांक : २३/१०/२०२४


विधानसभा सार्वत्रिक निवडणूक - २०२४ उमेदवारांची पहिली यादी

| अ. क्र. | मतदारसंघ क्र. | मतदारसंघाचे नाव | उमेदवाराचे नाव |
|---|---|---|---|
| १ | २०१ | बारामती | श्री. अजित पवार |
| २ | ११९ | येवला | श्री. छगन भुजबळ |
| ३ | १९६ | आंबेगाव | श्री. दिलीप वळसे-पाटील |
| ४ | २७३ | कागल | श्री. हसन मुश्रीफ |
| ५ | २३३ | परळी | श्री. धनंजय मुंडे |
| ६ | १२२ | दिंडोरी | श्री. नरहरी झिरवाळ |
| ७ | ६९ | अहेरी | श्री. धर्मराव बाबा आत्राम |
| ८ | १९३ | श्रीवर्धन | कु. आदिती तटकरे |
| ९ | १५ | अंमळनेर | श्री. अनिल भाईदास पाटील |
| १० | २३७ | उदगीर | श्री. संजय बनसोडे |
| ११ | ६३ | अर्जुनी मोरगाव | श्री. राजकुमार बडोले |
| १२ | २२९ | माजलगाव | श्री. प्रकाश दादा सोळंके |
| १३ | २५६ | वाई | श्री. मकरंद पाटील |
| १४ | १२० | सिन्नर | श्री. माणिकराव कोकाटे |
| १५ | १९७ | खेड आळंदी | श्री. दिलीप मोहिते |
| १६ | २२५ | अहमदनगर शहर | श्री. संग्राम जगताप |
| १७ | २०० | इंदापूर | श्री. दत्तात्रय भरणे |
| १८ | २३६ | अहमदपूर | श्री. बाबासाहेब पाटील |
| १९ | १३५ | शहापूर | श्री. दौलत दरोडा |
| २० | २०६ | पिंपरी | श्री. अण्णा बनसोडे |
| २१ | ११७ | कळवण | श्री. नितीन पवार |

महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय : अ-४, राजगड बंगला, मादाम कामा रोड, मंत्रालय समोर, नरीमन पॉईंट,

### शिवसेना ने 45 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी

इससे पहले, एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना ने 45 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। सीएम एकनाथ शिंदे जीत का चौका लगाने के लिए एक बार फिर कोपरी पाचपाखाड़ी से अपनी दावेदारी पेश करेंगे तो वहीं पार्टी ने पैठण से विलास संदिपान भूमरे को चुनावी मैदान में उतारा है।



NCP

राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी

दिनांक : २३/१०/२०२४

विधानसभा सार्वत्रिक निवडणूक - २०२४ उमेदवारांची पहिली यादी

| | | | |
|---|---|---|---|
| २२ | २१९ | कोपरगाव | श्री. आशुतोष काळे |
| २३ | २१६ | अकोले | डॉ. किरण लहामटे |
| २४ | ९२ | वसमत | श्री. चंद्रकांत उर्फ राजू नवघरे |
| २५ | २६५ | चिपळूण | श्री. शेखर निकम |
| २६ | २०४ | मावळ | श्री. सुनील शेळके |
| २७ | १९५ | जुन्नर | श्री. अतुल बेनके |
| २८ | २४७ | मोहोळ | श्री. यशवंत विठ्ठल माने |
| २९ | २१३ | हडपसर | श्री. चेतन तुपे |
| ३० | १२६ | देवळाली | श्रीमती. सरोज आहिरे |
| ३१ | २७१ | चंदगड | श्री. राजेश पाटील |
| ३२ | १२७ | इगतपुरी | श्री. हिरामण खोसकर |
| ३३ | ६० | तुमसर | श्री. राजू कारेमोरे |
| ३४ | ८१ | पुसद | श्री. इंद्रनील नाईक |
| ३५ | ३८ | अमरावती शहर | सौ. सुलभा खोडके |
| ३६ | ४ | नवापुर | श्री. भरत गावित |
| ३७ | ९८ | पाथरी | श्रीमती निर्मला उत्तमराव विटेकर |
| ३८ | १४९ | मुंब्रा-कळवा | श्री. नजीब मुल्ला |

सुनिल तटकरे

### राज ठाकरे ने बेटे अमित को माहिम से बनाया प्रत्याशी

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने अपने 45 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी की थी। इस सूची में मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे का नाम माहिम से प्रत्याशी के तौर पर जारी किया गया है। वहीं मनसे प्रवक्ता और पूर्व पार्षद संदीप देशपांडे वर्ली से चुनाव लड़ेंगे।

## देश की तीसरी सबसे बड़ी विधानसभा में सियासी समीकरण

महाराष्ट्र में इस बार सियासी मुकाबला बेहद दिलचस्प होने के आसार हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लगभग 25 महीने पहले जून, 2022 में महाविकास अघाड़ी (MVA) सरकार गिरी थी। इसके बाद भाजपा समर्थित सरकार बनी। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP ) के दो-फाड़ होने के बाद राज्य में पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) की सरकार के पास 202 विधायकों का समर्थन है। 102 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। अजीत पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के 40 विधायक हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 18 विधायक हैं। 14 निर्दलीय विधायकों ने भी एनडीए सरकार को समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार को पांच अन्य छोटे दलों का समर्थन भी हासिल है।

# पांच साल तक चला फर्जी कोर्ट

श्रीकंचनपथ




कहते हैं जब तक मूर्ख रहेंगे, बुद्धिमान कभी भूखा नहीं मरेगा। भारत इसका सबसे बड़ा उदाहरण रहा है। वैसे भी अब लोगों को बुद्धू नहीं बनाया जाता। अब इसे जागरूक करना और अपडेट करना कहते हैं। कोई स्वास्थ्य के बारे में पढ़-पढ़ कर बीमार हो रहा है तो कोई धर्म-कर्म की नई परिभाषाओं में उलझा हुआ है। जिन्होंने कभी रामायण, महाभारत या गीता का मर्म नहीं समझा वो अब कुरान और हदीस पर पीएचडी कर रहे हैं। कोई बात नहीं। जैसी ज्यादा लोगों की सोच होगी, समाज वैसा ही बनेगा, और जैसा समाज होगा वैसा ही राष्ट्र होगा। नेता, अभिनेता, मीडिया, सोशल मीडिया बेकार की बहस में उलझे हैं और चतुर फटाफट अपना काम निकाल रहे हैं। चौंकाने वाली नई खबर गुजरात से आई है। वैसे खबर तब नई होती जब वह पांच साल पहले आ जाती। 2019 से एक व्यक्ति फर्जी ट्राइब्यूनल सजाकर सरकारी जमीन की अफरा-तफरी करता रहा और उसके आदेश से जमीन रिकार्ड में चढ़ाई भी जाती रही। उसकी काठ की हांडी पांच साल में ग्यारह बार चढ़ी। मामला गुजरात के गांधीनगर का है। मॉरिस सैमुअल नाम के नकली आर्बिट्रेटर (मध्यस्थ) ने खुद ही 100 एकड़ सरकारी जमीन अपने नाम कर ली। इस जमीन की कीमत अरबों में है। 2019 से वह ऐसा कर रहा था। अब जाकर अहमदाबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। मॉरिस सैमुअल उन लोगों को फंसाता था जिनके जमीन विवाद सिविल कोर्ट में पेंडिंग होते थे। खुद को आधिकारिक मध्यस्थ बताकर वह मामलों की सुनवाई करता और आदेश भी पारित कर देता। इसी आदेश की कापी लगाकर लोग जमीन अपने नाम पर चढ़वा लेते। उसने अपने दफ्तर को अदालत की तरह सजाया था। उसके साथी अदालत के कर्मचारी या वकील के रूप में खड़े होते थे। मॉरिस 11 से ज्यादा मामलों में अपने पक्ष में ऑर्डर पारित कर चुका था। पांच साल तक फर्जी अदालत चलता रहा। इसके दस्तावेज दूसरे सरकारी दफ्तरों में बिना किसी रोकटोक के चलते रहे और किसी को कानों कान भनक नहीं लगी। यह तो होना ही था। जब पूरा समाज 70 साल पहले के गड़े मुर्दे उखाड़ने में लगा हुआ हो तो ताजा घटनाओं पर नजर पड़े भी तो कैसे। नादान माली पत्तों में कीड़ा ढूंढ रहा है और उधर दीमक से खोखला तना उखड़ने के कगार पर है। नटवरलाल हर युग में हुए हैं। जो पकड़ा गया वो बदनाम हुआ, जो पकड़े नहीं गए वो साधु बने घूम रहे हैं। ऐसा ही होता है। कुछ ऐसा ही हाल है ज्योतिष-शास्त्र का। वो भी कमर्शियल हो गये हैं। जब भी निकालते हैं केवल खरीदी का मुहूर्त निकालते हैं। इस योग में यह खरीद लो, उस मुहूर्त में वह खरीद लो। डीजे-डांस के चक्कर में जिनकी शादी का मुहूर्त निकल गया था वो भी मुहूर्त में बच्चा पैदा करने के लिए जबरिया सिजेरियन करवा रहे हैं। काश! नौकरी और परीक्षा के लिए भी सरकार मुहूर्त निकलवा लेती।



## संपादकीय

# जेल जाना भी तो किसी सजा से कम नहीं

पहले कहा जाता था कि ईमानदार आदमी को सत्ता ईमानदार नहीं रहने देती है यही वजह है कि अब जो सत्ता में एक बार आ जाता है, उसे और कुछ भले ही कहा जाए लेकिन बहुत से लोग उसे ईमानदार तो नहीं मानते हैं। माना जाता है कि कुर्सी पर बैठते ही कुछ करने, कहने की जरूरत नहीं होती है, पैसा देने वाले बिना कहे,बिना मांगे पैसा देने लगते हैं।कई लोग तो कहते हैं कि पैसा बरसने लगता है। यह कुर्सी का प्रताप कहा जाता है कि जो भी कुर्सी के करीब आता है, वह सेवक बन जाता है, मना करने पर भी किसी न किसी तरह की सेवा करने को आतुर रहता है।

*ऐसे में कुर्सी में बैठने वाले को बहुत अच्छा लगता है। हर कोई सेवक बन जाए तो आदमी को खुद ही मालिक होने का एहसास होने लगता है, आदमी खुद को दूसरों से बड़ा व खास समझने लगता है। कुर्सी में बैठने वाले को बहुत से काम अपने लिए करने पड़ते हैं तो बहुत से काम जो सत्ता में हैं, उनसे बड़ी कुर्सी पर बैठे हैं,उनके लिए भी करने पड़ते हैं। कुर्सी पर बैठते ही तरह-तरह के कर्म करने पड़ते हैं, अब वह अपने लिए करने पड़े या दूसरों के लिए करने पड़े, उसका फल तो उसी को भुगतना पड़ता है जिसने किया है, जिसने करवाया होता है, वह तो आजाद पंछी की तरह घूमता रहता है और जिन्होंने जेल जाना वाला कर्म किया है, उनको जेल जाना पड़ता है।*

जब तक कर्म कराने वालों की सत्ता रहती है तो डर नहीं लगता है कि कर्म का क्या फल मिलेगा, तब तो ऐसा लगता है कि कर्म का अच्छा ही फल मिलेगा। जैसे ही कर्म कराने वालों की सत्ता चली जाती है तो किसी के कहने पर जो भी काला पीला कर्म किया गया होता है, सबका खुलासा होता जाता है और पूछताछ करनेवालों, गिरफ्तार होने वालों और जेल जाने वालों की संख्या बढ़ती जाती है।अभी यह संख्या और बढ़ने वाली है क्योंकि 2200 करोड़ के शराब घोटाले में नए तथ्य सामने आए है कि शराब घोटाले में सरकारी खरीद कंपनी के डीजीएम सहित 9 लोगों पर केस दर्ज किया गया है बताया जाता है इनका काम था भुगतान के बदले आठ प्रतिशत कमीशन लेना।

एक बार कोर्ट ने इस मामले कहा था कि यह संगठित अपराध है, अब पता चल रहा है कि इस संगठन में पता नहीं अभी और कितनों के नाम सामने आने है।अभी केस दर्ज हुआ है, पूछताछ होगी, गिरफ्तारी होगी और हो सकता है कि जेल भी जाना पड़े। कई लोग तो पहले से ही जेल में हैं। कोई जेल जाता है तो सामान्य लोग तो यही मानते हैं कि उसने कोई तो काम जेल जाने वाला किया है,तब ही तो जेल में है। जो जेल में रहता है,वह जेल में नहीं रहना चाहता, क्योंकि वहां रहने पर लगता है कि वह बंदी है, आजाद नहीं है, कहीं आने-जाने की आजादी नहीं है।

फिर भी वीआईपी बंदी होने के कारण शुरू में कुछ वीआईपी सुविधाएं मिलती है तो सोचकर अच्छा लगता है कि हम साधारण बंदी थोड़ी न हैं, हम तो वीआईपी बंदी हैं।वीआईपी सुविधाओं के कारण उनको लगता नहीं है कि जेल में हैं वह सोचते हैं कि वीआईपी सुविधाएं तो उनका हक है।उस दिन उनको बहुत बुरा लगता है जब पता चलता है कि यह सारी सुविधाएं तो सरकार ने छीन ली है और अब वह भी सामान्य बंदी की तरह रह गए हैं।अब उनको भी सामान्य सेल में रहना पड़ेगा। किसी को बुरा लग सकता है क्योंकि अब घर का खाना खाने को नहीं मिलेगा, च्यवनप्राश खाने को नहीं मिलेगा,सूखे मेवे खाने को नहीं मिलेंगे,एसी,कूलर,टीवी की सुविधा नहीं मिलेगी।सामान्य लोग तो कहते हैं कि यही तो कर्म फल है। आदमी जैसा कर्म करता है,चाहे खुद के लिए करे या दूसरे के कहने पर करे, वैसा ही फल उसे भुगतना पड़ता है। सामान्य लोग तो मानते हैं कि कर्म फल तो अटल है, एक दिन जरूर मिलता है।

# पुलिस स्मृति दिवसः कर्तव्य, साहस और बलिदान की अनमोल विरासत




हर साल 21 अक्टूबर को देशभर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन वीर पुलिसकर्मियों की याद में समर्पित है जिन्होंने देश की सुरक्षा और नागरिकों की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। यह अवसर हमें उनके कर्तव्य, अनुशासन और साहस से प्रेरित होकर अपने कर्तव्यों को निष्ठा से निभाने की प्रेरणा देता है। इस दिवस की शुरुआत 1959 में लद्दाख के हॉटस्प्रिंग क्षेत्र में चीन के साथ हुए संघर्ष से हुई, जिसमें 10 भारतीय पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की बलि दी थी। यह घटना भारतीय पुलिस बल के साहस और बलिदान का प्रतीक बन गई और तब से हर साल इस दिन उन सभी पुलिसकर्मियों को याद किया जाता है जो कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए।

इस मौके पर देशभर के पुलिस मुख्यालयों, अकादमियों और स्थानीय थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाती है और उनकी साहसिक कहानियाँ सुनाई जाती हैं। इससे नई पीढ़ी को उनके योगदान से प्रेरणा मिलती है। पुलिस स्मृति दिवस केवल शहीदों को सम्मानित करने का दिन नहीं है, बल्कि यह समाज को याद दिलाने का अवसर भी है कि पुलिस बल की भूमिका सिर्फकानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है। वे आंतरिक सुरक्षा के लिए अपने जीवन को जोखिम में डालते हैं, आतंकवाद और अन्य खतरों का सामना करते हैं। उनके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता बनाए रखना समाज की जिम्मेदारी है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि पुलिसकर्मी समाज की स्थिरता, न्याय और कानून के पालन के सच्चे प्रहरी हैं। उनके बलिदान को कभी न भुलाया जाए, इसके लिए हमें उनके योगदान को समझना और उन्हें उचित सम्मान देना चाहिए। इस दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके कल्याण के लिए कदम उठाएँ और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## छत्तीसगढ़ में पुलिस सुधारः विष्णु देव साय का योगदान

छत्तीसगढ़, जो कभी नक्सलवाद और अपराध से ग्रस्त था, आज शांति और सुरक्षा की दिशा में बढ़ रहा है। इसका बड़ा श्रेय राज्य के नेतृत्व को जाता है, विशेष रूप से विष्णु देव साय को जिन्होंने पुलिस सुधार और पुलिसकर्मियों के हितों के लिए अनेक प्रभावशाली कदम उठाए हैं। विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए आवासीय सुविधाओं की शुरुआत की गई, जिससे उन्हें मानसिक तनाव से मुक्ति मिले और वे बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य और बीमा योजनाएं लागू की गई, जिससे उन्हें बेहतर चिकित्सा सेवाएँ और वित्तीय सुरक्षा मिल सके। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों को आर्थिक सहायता और उनके बच्चों की शिक्षा व रोजगार के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई है। विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पुलिस को आधुनिक तकनीक और उपकरणों से सुसज्जित किया गया। इससे पुलिसबल की कार्यक्षमता में भारी सुधार हुआ है और नक्सलवाद जैसी बड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद मिली है।

विष्णु देव साय ने न केवल भौतिक संसाधनों में सुधार किया, बल्कि पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए भी कदम उठाए। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि पुलिसकर्मी अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें। उनके दूरदर्शी प्रयासों ने छत्तीसगढ़ की पुलिस व्यवस्था को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है और यह राज्य की सुरक्षा और विकास में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। विष्णु देव साय के नेतृत्व में हुए ये सुधार न केवल छत्तीसगढ़ ही बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके योगदान ने पुलिस बल को सशक्त और आधुनिक बनाया है, जिससे राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिली है।

(ये लेखक के विचार हैं।)

## नजरिया

# अब वो बात कहाँ...

*एक रोज मेरा किसी काम से जाना हुआ, घर लौटते हुए शाम हो गई। मैं घर लौट ही रहा था कि दूर किसी चाय की दुकान पर एक पुराना गाना सुनाई दिया। गाने के बोल मेरे कानों में पड़े तो एक पल के लिए मैं जवानी के उस समय में पहुँच गया जब मैं गाने सुनने का बड़ा शौकीन हुआ करता था। लेकिन कुछ ही देर में वापस आज की दुनिया में लौट आया।*

अतुल मलिकराम (लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)




घर लौटा तो देखा मेरी बिटिया अपने मोबाईल फोन में किसी एप पर गाने सुने रही है। उसे देख कर मेरे मन में खयाल आया कि एक वो जमाना था जब रेडियो और रिकॉर्ड्स पर गाने सुनने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी और एक आज का दौर है जब केवल एक क्लिक पर ही दुनियाभर का संगीत मौजूद है। लेकिन जो मिठास उस पुराने दौर में थी वो आज कहीं नहीं मिलती...

गाने सुनने का यह शौक मुझे शायद विरासत में मिला था। मुझे आज भी याद है बचपन में मेरे दादाजी के पास एक ग्रामोफोन हुआ करता था। जिस पर वे गाने चलाया करते थे। उस समय संगीत सुनना एक रस्म की तरह हुआ करता था। जब भी कोई नया गाना सुनना होता था तो, ग्रामोफोन को बड़ी एहतियात से सेट किया जाता था। कांच का डिस्क निकाला जाता, उसकी सफाई की जाती, और फिर सुई को बड़ी सावधानी से रिकॉर्ड पर रखा जाता। ग्रामोफोन का वो धीमा घूमना, और सुई का डिस्क पर आकर सुरों को निकालना। बचपन की मासूमियत में यह सब बड़ा ही जादुई लगता था उस संगीत में एक अलग ही संतुष्टि थी। वो संगीत महज कानों तक नहीं बल्कि दिल तक पहुंचता था। हालाँकि वह ग्रामोफ़ोन आज भी है लेकिन अब वह घर का सजावटी सामान बन चुका है।

समय बदला तो रेडियों का दौर आया, वह दौर भी बड़ा अनूठा था। मैं और मेरे दोस्त हर शाम फरमाइशी गानों का कार्यक्रम सुनने के लिए झुंड बना कर बैठ जाया करते थे। रेडियो पर बजने वाले गानों के साथ ही कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ताओं की बातचीत, उनकी शेरो-शायरी, और गीतों के पीछे की कहानियां सब मिलकर संगीत का आनंद कई गुना बढ़ा देती थीं। और कभी हमारा फरमाइशी गीत हमारे नाम के साथ बज गया, तो ख़ुशी सातवें आसमान पर पहुँच जाती थी।

समय बदला तो कैसेट्स और टेप रिकॉर्डर्स आ आए। अब लोग अपने पसंदीदा गानों को रिकॉर्ड कर सकते थे और उन्हें कहीं भी और कभी भी सुन सकते थे। इन कैसेट्स की भी अपनी यादें हैं। अपने पसंदीदा गानों को कैसेट में रिकॉर्ड करवाना, दोस्तों के साथ कैसेट्स का आदान-प्रदान भी अलग अनुभव था। धीरे-धीरे कैसेट्स की जगह सीडी और डीवीडी ने ले ली और फिर पेन ड्राइव आई। इन सभी साधनों में ढेर सारे गाने संभाल कर रखे जा सकते थे। साथ ही अपने पसंदीदा गाने देखे भी जा सकते थे।

समय के साथ-साथ दौर बदलता गया और नई-नई तकनीक आई, तो गानों को किसी डिवाइस में स्टोर करने की जरुरत भी ख़त्म हो गई। यूट्यूब और मोबाईल एप जैसे माध्यमों से संगीत सुनना आसान तो हो गया लेकिन मन-पसंद गानों को सुनने का जो उत्साह था वो ख़त्म हो गया। इन तकनीकों ने हमारे लिए संगीत की उपलब्धता तो आसान बना दी लेकिन इस उपलब्धता में गानों की वो मिठास कहीं खो गई। आज हमारे लिए कोई भी गाना केवल एक क्लिक पर उपलब्ध है। आप चाहे जहाँ भी हों दुनियाभर का हर संगीत आपकी जेब में ही है। लेकिन पुराने समय का वो रोमांच और संतोष, जो सुई से निकलते सुरों में था, वो अब केवल सिर्फयादों में ही रह गया...

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# एक मौजूं सवाल बन गया

दिल्लीवासियों को अब पता चला है कि दिल्ली में कोई स्थायी मुख्यमंत्री आवास नहीं है।

मुख्यमंत्री कहां रहेंगे, यह इस पर निर्भर करता है कि लेफ्टिनेंट गवर्नर उन्हें कौन-सा निवास आवंटित करते हैं। नवरात्रि शुरू होते ही पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। नई मुख्यमंत्री आतिशी अपने सामान के साथ वहां रहने चली गईं। अब बताया गया है कि एलजी ने उन्हें ये मकान आवंटित नहीं किया था। इसलिए उनका प्रवेश अवैध था। अब संभव है कि एलजी वही मकान आतिशी को आवंटित कर दें। तब वे वहां रह सकेंगी (अन्यथा जो मकान आवंटित होगा, वहां उन्हें रहना होगा)। इस तकनीकी आधार पर मुख्यमंत्री को उस मकान से बेदखल कर दिया गया है। कहा जाएगा कि दिल्ली की विशेष परिस्थिति है। यह पूर्ण राज्य नहीं है।

मगर क्या किसी केंद्र शासित प्रदेश में भी विशाल बहुमत से निर्वाचित पार्टी के विधायक दल नेता के साथ तकनीकी आधार पर ऐसा बर्ताव लोकतांत्रिक मान्यता और मर्यादा के अनुरूप है? जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री बनने जा रहे उमर अब्दुल्ला को इस घटना में अपना भविष्य जरूर नजर आया होगा। आखिर केंद्र ने नए प्रावधानों के साथ केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार की हैसियत दिल्ली सरकार जैसी ही बना दी है। अब चूंकि यह पैटर्न बन गया है, तो कभी किसी राज्य और वहां की निर्वाचित सरकार को ऐसी हैसियत में पहुंचाने की आशंका ठोस रूप से मौजूद है। इस हाल में भारतीय लोकतंत्र एवं संघवाद को लेकर क्या समझ बनाई जानी चाहिए, बेशक यह आज एक मौजूं सवाल बन गया है।

एक तकनीकी आधार पर मुख्यमंत्री को उनके आवास से बेदखल कर दिया गया है। क्या किसी केंद्र शासित प्रदेश में भी बहुमत से निर्वाचित पार्टी के विधायक दल नेता के साथ ऐसा बर्ताव लोकतांत्रिक मान्यता और मर्यादा के अनुरूप है?

मान्यता है कि लोकतंत्र में नेताओं की हैसियत मतदाता बनाते हैं। जो नेता मतदाताओं को लुभाने में जितना कामयाब हो, उसकी हैसियत उतनी बड़ी होती है। मनोनीत पदाधिकारियों से अपेक्षा होती है कि वे निर्वाचित नेताओं का सम्मान करते हुए अपने कर्त्तव्य का पालन करें। मगर भारत में, इस दौर में आकर यह मान्यता सिर के बल खड़ी कर दी गई है। बल का इस्तेमाल करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के घरेलू सामान को उस आवास से बाहर कर दिया गया, जिसके बारे में आम धारणा है कि वह मुख्यमंत्री निवास है।

# मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना

रजनीश कपूर

मुझे अच्छे से याद है कि शायद ही कोई ऐसा स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्रता दिवस हुआ हो जब हमने सुबह सबसे पहले उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ान की शहनाई न सुनी हो। लेकिन बीते कुछ वर्षों से जिस तरह एक विशेष धर्म और समाज को लेकर भेद-भाव फैलाया जा रहा है वह हमें सही दिशा में नहीं ले जा रहा। ज्निहित स्वार्थों के बहकावे में आए बिना हमें सदियों से चली आ रही गंगा-जमनी तहज़ीब का पालन करना चाहिए, जो हमारे देश की परंपरा रही है। क्योंकि मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।'

मशहूर फ़िल्म निर्माता यश चोपड़ा द्वारा बनाई गई फ़िल्म वीर ज़ारा' में भारतीय वायु सेना के एक सैनिक और पाकिस्तानी महिला की प्रेम कथा को दर्शाया गया। इसी फ़िल्म के एक गाने में भारत का यह सैनिक अपनी प्रेमिका को भारत की खूबियाँ गिनाता है। परंतु आज हम जिस विषय को इस कॉलम में उठाएँगे वह हमारे देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब की विशेषता पर आधारित है। बरसों से हमारा देश बिना किसी भेद-भाव के सभी धर्मों का सम्मान करते हुए एकजुटता से रहता आया है। परंतु सत्ता के लोभी, चाहे किसी भी दल के क्यों न हों, हमेशा से इस एकता के खिलाफ षड्यंत्र रचते आए हैं। बिना इस बात का अंदाज़ा लगाए कि चुनावी राजनीति तो अस्थाई है जबकि आपसी मेल-मिलाप हमेशा से ही स्थाई रहा है। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक ऐसी पोस्ट देखी जिसने इस लेख का विषय प्रेरित किया। हमारे देश के गौरव माने जाने वाले उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ान और उस्ताद विलायत ख़ान की एक जुगलबंदी यूट्यूब पर देखी। इस जुगलबंदी में उस्ताद विलायत ख़ान का सितार और उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ान की शहनाई जिस लोक गीत को बजा रहे थे वह ब्रज में गोपियों द्वारा माँ यशोदा को नंदगोपाल की शिकायत को दर्शाता है। गीत के बोल कुछ इस प्रकार हैं, मोहे पनघट पे नंदलाल छेड़ गयो रे'।

इस जुगलबंदी को देख कर इस बात का ज़रा भी एहसास नहीं होता कि मुस्लिम कलाकारों द्वारा गाए व बजाए गये इस लोक गीत में कोई भेदभाव है। ग़ौरतलब है कि यह लोक गीत बॉलीवुड की सुपर हिट फ़िल्म मुग़ल-ए-आज़म' से लिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस गीत को बॉलीवुड के मशहूर गीतकार शकील बदायूनी ने लिखा है और इसका संगीत नौशाद द्वारा दिया गया है। यह फ़िल्म मुग़ल बादशाह अकबर के बेटे शहज़ादे सलीम और एक कनीज़ की प्रेम कहानी पर आधारित है। यदि आप यूट्यूब पर इस जुगलबंदी को खोजेंगे तो आप इस जुगलबंदी में दोनों कलाकारों द्वारा बजाए जाने वाले साज़ों की मधुर आवाज़ के साथ-साथ कलाकारों के चेहरे के भाव को अनदेखा नहीं कर सकते। ग़ौरतलब है कि मुग़ल-ए-आज़म फ़िल्म हो या कोई अन्य फ़िल्म, जब भी कभी किसी भी कलाकार को, बिना उसके धर्म के भेद-भाव किए जो भी किरदार दिया जाता है वह उसे बखूबी निभाता है।

यहाँ सवाल उठता है कि यदि फ़िल्म अभिनेता आपस में किसी धर्म या जाति विशेष को लेकर इतने संवेदनशील नहीं होते तो हमारा समाज किस आधार पर बट रहा है? क्या हमारे समाज में सदियों से चले आ रहे इस भेद-भाव के प्रति चेतना को केवल राजनैतिक मंशा से ही बढ़ावा दिया जा रहा है? और कुछ नहीं तो आप इस जुगलबंदी के वीडियो को देखें तो किस क़दर दोनों कलाकार जो कई अन्य धर्म के मानने वाले हैं वे भगवान श्री कृष्णा की बाललीलाओं का गायन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं। इतना ही नहीं जुगलबंदी के समय वे एक दूसरे को पूरा सम्मान देते हुए ख़ुशी-ख़ुशी तारीफ़ भी करते हैं। जबकि बीते कुछ वर्षों से यह देखा गया है कि यदि कोई भी नौजवान अपने धर्म से इतर होकर दूसरे धर्म के लोगों का साथ देता है तो उसे सामाजिक कुरीतिओं का हवाला देते हुए पंथ-निकाला दिया जाता है। इतना ही नहीं उसकी फ़िल्मों को न देखने का ऐलान तक बड़े आक्रामक तरीक़े से भी किया जाता है। ऐसे में उसे न चाहते हुए, मजबूरी में अपने ही धर्म का साथ देना पड़ता है। मुझे अच्छे से याद है कि शायद ही कोई ऐसा स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्रता दिवस हुआ हो जब हमने सुबह सबसे पहले उस्ताद बिस्मिल्ला ख़ान की शहनाई न सुनी हो। लेकिन बीते कुछ वर्षों से जिस तरह एक विशेष धर्म और समाज को लेकर भेद-भाव फैलाया जा रहा है वह हमें सही दिशा में नहीं ले जा रहा। ऐसे में हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को क्या समझा कर जाएँगे? यह एक अहम मुद्दा है। इसलिए निहित स्वार्थों के बहकावे में आए बिना हमें सदियों से चली आ रही गंगा-जमनी तहज़ीब का पालन करना चाहिए, जो हमारे देश की परंपरा रही है। क्योंकि मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।'

(ये लेखक के विचार हैं।)

# देश की प्रगति में रोड़ा बनता मधुमेह

पंकज चतुर्वेदी




मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन और आइसीएमआर के शोध के अनुसार, चिप्स, कुकीज, केक, फ्राइड फूड और मेयोनीज जैसी चीजों के सेवन से डायबिटीज का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। रिसर्च में कहा गया है कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की वजह से भारत डायबिटीज की राजधानी बनता जा रहा है। भारत की कोई 8.29 करोड़ वयस्क आबादी का 8.8 प्रतिशत हिस्सा मधुमेह की चपेट में है। अनुमान है कि 2045 तक यह संख्या 13 करोड़ से अधिक हो जायेगी। यह वह काल होगा, जब बुजुर्गों की संख्या भी बढ़ेगी।

मधुमेह वैसे तो खुद एक रोग है, पर इससे मरीजों की जेब भी खोखली हो रही है और मानव संसाधन की कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में लोगों ने एक साल में डायबिटीज या उससे उपजी बीमारियों पर सवा दो लाख करोड़ रुपये खर्च किये, जो हमारे सालाना बजट का 10 फीसदी है। बीते दो दशक में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या में 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी बेहद चिंताजनक है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह रोग फिलहाल चिकित्सा जगत के लिए महज कमाई का जरिया है। दर्जनों किस्म के डायबिटीज मॉनिटर, हजारों किस्म की आयुर्वेदिक दवाएं और नुस्खे बेचे जा रहे हैं। लंदन में यदि किसी को मधुमेह है, तो पूरे परिवार का इलाज निशुल्क है। भारत में ऐसा कोई संवेदनशील नजरिया नहीं हैं।

एक अनुमान है कि एक मधुमेह मरीज को औसतन 4,200 से 5,000 रुपये दवा पर खर्च करने पड़ते हैं। यह रोग ग्रामीण, गरीब बस्तियों और तीस साल तक के युवाओं को भी शिकार बना रहा है। डायबिटीज खराब जीवन शैली से उपजने वाला रोग है, तभी बेरोजगारी, अधिक भौतिक सुख जोड़ने की अंधी दौड़ खून में शर्करा की मात्रा बढ़ा ही रही है, कुपोषण, घटिया गुणवत्ता वाला पैक्ड भोजन भी मरीजों की संख्या बढ़ाने का बड़ा कारक है। लेह-लद्दाख पहाड़ी इलाका है, जहां लोग खूब पैदल चलते थे, मेहनत करते थे, सो कभी बीमार नहीं होते थे।

पिछले कुछ दशकों में वहां बाहरी प्रभाव और पर्यटक बढ़े। बाहरी दखल के चलते यहां चीनी का इस्तेमाल होने लगा। अब वहां डायबिटीज जैसे रोग घर कर रहे हैं। दवा कंपनी सनोफी इंडिया के एक सर्वे में डरावने तथ्य सामने आये हैं कि मधुमेह की चपेट में आये लोगों में से 14.4 फीसदी को किडनी और 13.1 को आंखों की रौशनी जाने का रोग लग जाता है, 14.4 प्रतिशत मरीजों के पैरों की धमनियां जवाब दे जाती हैं, जिससे उनके पैर खराब हो जाते हैं तथा लगभग 20 फीसदी लोग दिल की किसी बीमारी के चपेट में आ जाते हैं। इतना ही नहीं, 6.9 प्रतिशत लोगों को न्यूरो यानी तंत्रिका से संबंधित दिक्कतें भी होती हैं।

अमेरिकी मानक संस्थाओं ने भारत में रक्त में चीनी की मात्रा को कुछ अधिक दर्ज करवाया है, जिससे प्री-डायबिटीज वाले भी दवाओं के फेर में आ जाते हैं। यह सभी जानते हैं कि एक बार डायबिटीज हो जाने पर मरीज को जिंदगी भर दवा खानी पड़ती है। मधुमेह नियंत्रण के साथ-साथ रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल की दवाएं लेना आम बात है। किडनी बचाने की दवा भी लेनी पड़ती है। जब इतनी दवा लेंगे, तो पेट में बनने वाले अम्ल के नाश के लिए भी दवा जरूरी है, जिसे नियंत्रित करने के लिए कोई मल्टी-विटामिन भी अनिवार्य है। एक साथ इतनी दवाओं के बाद लीवर पर असर पड़ेगा ही। इसमें शुगर मापने वाली मशीनों व दीगर जांचों को तो जोड़ा ही नहीं गया है। दूरस्थ अंचलों की बात तो जाने दें, महानगरों में ही हजारों ऐसे लैब हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट संदिग्ध रहती है।

प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के तहत इलाज की निशुल्क व्यवस्था में मधुमेह जैसे रोगों के लिए जगह नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं की जर्जरता की बानगी सरकार की सबसे प्रीमियम स्वास्थ्य योजना सीजीएचएस यानी केंद्रीय कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा है, जिसके तहत पत्रकार, पूर्व सांसद आदि भी आते हैं। इसके तहत पंजीकृत लोगों में चालीस फीसदी डायबिटीज के मरीज हैं और वे हर महीने केवल नियमित दवा लेने जाते हैं। मरीज डॉक्टर के पास जाता है और उसे किसी विशेषज्ञ के पास भेजा जाता है। विशेषज्ञ कई जांच लिखता है और मरीज को फिर अपनी डिस्पेंसरी में आकर जांच कराना होता है। फिर विशेषज्ञ के पास जाना होता है। इस प्रक्रिया में कम से कम पांच दिन लगते हैं, लंबी कतार झेलनी होती है। बहुत से मरीज इससे घबरा कर नियमित जांच भी नहीं करवाते। जिला स्तर के सरकारी अस्पतालों में तो जांच से ले कर दवा तक का खर्च मरीज को खुद वहन करना होता है।

आज भारत मधुमेह को ले कर बेहद खतरनाक मोड़ पर खड़ा है। जरूरत है कि इस पर सरकार अलग से नीति बनाये। स्टेम सेल से डायबिटीज के स्थायी इलाज का व्यय महज सवा लाख से दो लाख रुपये है, पर सीजीएचएस में यह इलाज शामिल नहीं है। इस पद्धति को सरकार की विभिन्न योजनाओं में शामिल किया जाना चाहिए। बाजार में मिलने वाले पैक्ड और अन्य खाद्य सामग्री की कड़ी पड़ताल हो, योग और कसरत को बढ़ावा देने के अधिक प्रयास हों। ऐसे प्रयास युवा आबादी की कार्यक्षमता बढ़ाने और इस बीमारी से बढ़ती गरीबी के निदान में सकारात्मक कदम हो सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

कांतिलाल ज्वेलर्स
सोने, चांदी एवं गोल्ड ज्वेलरी के निर्माता एवं विक्रेता
सदर बाजार, दुर्ग, 0788-2210274, 4038274
40 आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, फोन: 4060274
Kantilal_jewel@yahoo.com

महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

विशाल ज्वेलर्स
आभूषण लेना तो हॉलमार्क लेना
नया सराफा, जवाहर चौक, दुर्ग
मो.-9827906406






# श्रीकंचनपथ

भिलाई-दुर्ग



ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-

• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं

संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544

D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर




## खास खबर

### डोम शेड एवं कक्ष निर्माण के लिए 40 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड पाटन एवं धमधा के ग्राम पंचायतों में डोम शेड एवं कक्ष निर्माण के लिए 40 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अहिवारा विधानसभा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन विकासखण्ड धमधा में क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा एवं विकासखण्ड पाटन में क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड धमधा के ग्राम पंचायत सेमरिया में डोम शेड निर्माण हेतु 20 लाख रूपए एवं ग्राम पंचायत नंदिनीखुंदिनी में डोम शेड निर्माण हेतु 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई है। इसी प्रकार विकासखण्ड पाटन के नगर पालिका निगम भिलाई 03 चरोदा अंतर्गत वार्ड न. 32 देवबलोदा में शास. उच्चतर माध्यमिक शाला में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### पदोन्नति पाकर कर्मियों के खिले चेहरे

**दुर्ग।** पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने उप निरीक्षक (अ) को स्टार लगाकर निरीक्षक (अ) के पद पर किया पदोन्नत। पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज, राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के द्वारा सामान्य शाखा संवर्ग, पुलिस मुख्यालय के उप निरीक्षक (अ) से निरीक्षक (अ) के पद पर पदोन्नति हेतु योग्यता सूची जारी की गई। इस सूची के आधार पर जितेन्द्र कुमार सुखदेवे, कार्यालय पु.म.नि. दुर्ग रेंज, को स्टार लगाकर निरीक्षक (अ) के पद पर पदस्थ किया गया। आज दिनांक 22.10.2024 को, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने जितेन्द्र कुमार सुखदेवे को पदोन्नति प्रदान की और उनके उत्तरदायित्व में बढ़ोतरी की। उन्होंने कहा कि जितेन्द्र कुमार अपनी दक्षता, निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने नए उत्तरदायित्व की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर कार्यालय पु म नि दुर्ग रेंज से डीएसपी पनिक राम कुजूर, डीएसपी श्रीमती शिल्पा साहू, स्टेनो श्रीनिवास राव, लिपिक उप निरीक्षक (अ) सफ़ीख खान, पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 6 नवंबर विश्व सैक्सोफोन दिवस पर साज की आवाज एवं संगीतमय संध्या का भव्य आयोजन दुर्ग में


**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के बैनर तले आगामी 6 नवंबर बुधवार को विश्व सैक्सोफोन दिवस के उपलक्ष्य में यश यदु म्यूजिशियन ग्रुप द्वारा लाइव बैंड पर, साज की आवाज एवं संगीतमय संध्या का आयोजन शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड में संध्या 5.30 बजे से रखा गया है। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्ग शहर में पहली बार सैक्सोफोन पर आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम साज की आवाज में छत्तीसगढ़ के स्टार सेक्सोफोनिस्ट अनिल केमें, प्रमोद केमें गोंदिया महाराष्ट्र के सेक्सोफोनिस्ट परेश लोखंडे एवं बालाघाट मध्यप्रदेश के सैक्सोफोनिष्ट राजन वंशकार द्वारा सैक्सोफोन पर संगीतमय गीतों की लाजवाब प्रस्तुति दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम के दौरान संगीतमय संध्या में छत्तीसगढ़ के चुनिंदा एवं प्रसिद्ध गायक कलाकार देवव्रत राय, दलाल द्वारा मनमोहक गीतों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

## त्योहारी सीजन में व्यापारियों को निगम की नसीहत...

# दुकानों के सामने पार्क न करें अपने वाहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। त्यौहार का सीजन में चारों तरफ मार्केट क्षेत्र में खरीदारी करने के लिए ग्राहक पहुंच रहे हैं। नगर निगम भिलाई द्वारा सभी प्रमुख बाजारों में मार्किंग करवाई जा रही है। वहीं निगम प्रशासन ने दुकानदारों को नसीहत देते हुए कहा है कि वे अपने व अपने कर्मचारियों के वाहन व साइकिल तय पार्किंग स्थल पर लगवाएं जिससे कि बाजारों में भीड़ पर काबू पाया जा सके।



देखने में आया है कि बहुत से दुकानदार अपनी गाड़ी, मोटरसाइकिल, स्कूटी एवं उनके यहां काम करने वाले कर्मचारी साइकिल को अपने दुकानों के सामने किनारे में लगा देते हैं। जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है। उसी के सामने यदि कोई ग्राहक बेतरतीब गाड़ी लगा देता है, जिससे पूरा रास्ता जाम हो जाता है। कुछ व्यापारियों द्वारा सामान की ढुलाई भी दिनों में करवाई जाती है। जिसके कारण ऑटो रिक्शा या ठेला रिक्शा मार्केट में चलते हैं। इससे भी रास्ता जाम हो जाता है। इसे देखते हुए आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी अधिकारियों की डयूटी लगाई है।

जोन क्रमांक 01 क्षेत्र में प्र.सहायक राजस्व अधिकारी पी.के.तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, राजस्व अधिकारी शशांक शेखर सिंह। जोन क्रं. 02 क्षेत्र में सहायक राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा। जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में जोन स्वास्थ्य अधिकारी विरेन्द्र बंजारे, वार्ड प्रभारी दुर्गा माघव पाढ़ी, वार्ड प्रभारी राहुल राजपूत। जोन क्रं. 04 शिवाजी नगर क्षेत्र में सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी।

इसी प्रकार जोन क्रं. 05 क्षेत्र में बेदखली दल प्रभारी हरिओम गुप्ता, सहायक दल प्रभारी अंजनी सिंह आकाश गंगा, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला कोहका रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, नंदिनी रोड़, जवाहर मार्केट, पावर हाउस, जलेबी चैंक एरिया एरिया में आवागमन को पार्किंग एरिया को व्यवस्थित करवाए। सभी लोग गाड़ियां वहीं पर खड़ा करें, जहां पार्किंग स्थल है। साथ में माल की ढुलाई दुकान बंद होने के बाद करें। दिन में माल की ढुलाई करने से रास्ता बाधित होता है। कभी.कभी गाड़ियां बेतरतीब पार्किंग होने से लोगों को चोट भी लग जाती है।

हमको इसका भी ध्यान देना है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने सभी व्यापारियों से एवं ग्राहकों से अनुरोध किया है कि गाड़ियों का पार्किंग बनाये गये पार्किंग स्थल पर ही करें, आवागमन को बाधित न करें। त्यौहार का सीजन है लोग घरों से निकलकर सामान खरीदने के लिए आते हैं। पार्किंग में बेतरतीब गाड़ियां खड़ा कर देने से पार्किंग बाधित होता है सहयोग करें।

### जलकुम्भी की समस्या से निजात दिलाने विधायक गजेंद्र यादव की पहल

## शासन ने दुर्ग निगम को पोंड क्लीनर खरीदने की अनुमति दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शिवनाथ नदी के पास इंटकवेल में कचरा फंसने से पेयजल बाधित होने की समस्या नहीं होगी, जल्द ही पोंड मशीन से जलकुम्भी की सफाई की जाएगी। शहर विधायक गजेंद्र यादव के अथक प्रयास से शासन ने दुर्ग निगम को मशीन खरीदने अनुमति दे दी है। आधुनिक मशीन के आने से नदी तालाब के ऊपरी सतह पर सभी प्रकार के खरपतवार को आसानी से निकाला जा सकेगा। ऐसी मशीन का प्रयोग जम्मू में डल झील और हैदराबाद के हुसैन सागर जैसे नदियों में पानी को साफ रखने खरपतवार निकालने के लिए उपयोग में लाया जाता है।

गौरतलब है की नालो में भारी मात्रा में उगे हुए जलकुम्भी से बारिश का पानी का प्रवाह रुक जाता है इससे पानी उफान अन्यत्र फैलता है इसके अलावा दुर्ग निगम के इंटकवेल के पास साईफेन में जलकुम्भी फंसने से पंपहाउस से शहरवासियों को पेयजल आपूर्ति बाधित होती है। लगातार या अत्यधिक वर्षा होने अमूमन यह स्थिति हर साल होती है। शहर की इस बड़ी समस्या से जनता को निजात दिलाने विधायक गजेंद्र यादव लगातार जुटे हुए थे। जलकुम्भी की बड़ी समस्या से निजात दिलाने दुर्ग निगम को एक्यूटिक विड हार्वेस्टर मशीन खरीदने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे थे जिस पर एक दिन पूर्व ही शासन ने लगभग डेढ़ करोड़ की मशीन खरीदने अनुमति दे दी है। खरपतवार निकालने आधुनिक पोंड मशीन प्रदेश के किसी निकाय में अब तक नहीं है।

## आयुष्मान कार्ड में 50 हजार सामान्य वर्ग, 5 लाख बीपीएल परिवार के लिए है इलाज की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नागरिको की सुविधा के लिए शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शिविर भिलाई शहर में प्रतिदिन अलग-अलग वार्डो के चिन्हित स्थानों पर लगाया जा रहा है। शहर के जिन नागरिको का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे नागरिक शिविर स्थल पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। शासन से प्राप्त सुविधा के अनुसार ?50000 तक का इलाज सामान्य वर्ग के लिए, ?5 लाख तक का इलाज बीपीएल परिवार के लिए, 70 साल से अधिक उम्र के व्यक्ति के लिए भी ?500000 तक का इलाज की सुविधा आयुष्मान कार्ड पर मिल रहा है। निगम के सभी जोन में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो इनके कार्य की मॉनिटरिंग करेगे। इसके



लिए जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में अजय सिंह राजपूत, जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर में सुश्री येशा लहरे, जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में सतीश यादव, जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 में जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

निगम क्षेत्र के इन जगहो पर लगेगा शिविर 22 एवं 23 अक्टूबर को वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर शीतला मंदिर संजय नगर, वार्ड 21 कैलाश नगर पार्षद कार्यालय व सुलभ शौचालय के पास, वार्ड 35 शारदा पारा पार्षद कार्यालय जनता स्कूल के पास, वार्ड 43 बापू नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड 62 सेक्टर 06 मध्य सड़क 34 के बीच डोम शेड। 24 एवं 25 अक्टूबर को वार्ड 07 राधिका नगर सियान सदन, वार्ड 22 कुरूद सांस्कृतिक भवन बाजार चैंक व दुर्गा पंडाल प्रगति नगर, वार्ड 36 श्याम नगर सूर्या नगर सतनाम भवन व अहमत नगर आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर जलाराम मंदिर प्रांगण, वार्ड 63 सेक्टर 06 पश्चिम सड़क 55 तेलगुपारा व सड़क 65 दुर्गा मंच। 28 एवं 29 अक्टूबर को वार्ड 08 कृष्णा नगर राधाकृष्ण मंदिर व बजरंग चैंक वार्ड कार्यालय, वार्ड 23 घासीदास नगर दुर्गा मंच व कर्मा मंच, वार्ड 37 संत रविदास नगर पार्षद कार्यालय के पास, वार्ड 45 बालाजी नगर सामुदायिक भवन सांई मंदिर परिसार, वार्ड 64 सिविक सेंटर सेक्टर 10 सड़क 17 पार्षद कार्यालय के पास है।

## महापौर नीरज पाल ने एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी को बनाया प्रभारी, संभालेंगे महापौर पद की जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल पारिवारिक कारणों से महापौर का कार्य सुचारू रूप से संपादित नहीं कर पा रहे है। इसे देखते हुए महापौर नीरज पाल अपने जगह पर वरिष्ठ पार्षद राजस्व प्रभारी एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी को अपने दायित्व को संपादित करने के लिए दायित्व सौंपा है। मंगलवार को एमआईसी के सदस्यों व सत्ता पक्ष के पार्षदों ने संयुक्त रूप से आयुक्त बजरंग दुबे को इसकी जानकारी दी।



चर्चा के दौरान महापौर सीजू एन्थोनी द्वारा आयुक्त से विभिन्न मुददों पर चर्चा किया गया। विशेष करके मदर्स मार्केट को लेकर जहां पर अन्य किसी प्रकार की दुकान नहीं खोलने की मांग किये। इसी तारतम्य मे दिवाली एवं छठ पर्व को देखते हुए नगर की स्ट्रीट लाईट एवं बाजारो की लाईट व्यवस्था सृदृढ़ करने को कहा। इसके साथ ही सभी तालाबो की साफ-सफाई, बाजारो की पार्किग व्यवस्था, जोन-03 में जोन आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में भी पार्षदों द्वारा चर्चा किया गया। साथ में निगम के रूटिन कार्यो को शीघ्रता से संपादित करने हेतु भी कहा गया।

आयुक्त दुबे द्वारा सभी मुददो पर चर्चा के बाद आश्वासन दिया गया कि सभी मुददों पर उचित कार्यवाही की जाएगी। हमने सभी जोन आयुक्तो को पूर्व में ही उक्त कार्यो हेतु निर्देशित कर दिया है। हमारा भी पुरा प्रयास है शीध्रता पूर्वक सभी कार्यो को संपादित किया जाएं। आयुक्त से चर्चा के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, एकांश बंछोर, केशव चौबे, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, नेहा साहू, मालती ठाकुर, जोन अध्यक्ष रमाकांत मोर्या, राजेश चैधरी, पार्षद अभिषेक मिश्रा, उमेश साहू, सेवन कुमार, के जगदीश, सुरेश वर्मा, हरिष सिंग, अभय सोनी, कोमल टण्डन, डी सुजाता, अरविंद राय, सुभम झा आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज में सदस्यों की हुई नियुक्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने ब्राह्मण समाज के संगठन में बदलाव करते हुए राष्ट्रीय महासचिव के पद पर शशिकांत तिवारी और दुर्ग जिला अध्यक्ष के साथ साथ एक और जवाबदारी आशीष त्रिपाठी को राष्ट्रीय संगठन सचिव के पद पर नियुक्ति की है।

इस साथ साथ शशिकांत तिवारी को मध्य प्रदेश महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश दिल्ली हरियाणा राजस्थान उड़ीसा का प्रभारी बनाए है भी राष्ट्रीय संगठन के सचिव आशीष त्रिपाठी को उप प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसकी नियुक्ति पर प्रदेश उपाध्यक्ष लेखमणि पांडे, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, डॉ रतन तिवारी राकेश



शुक्ला, लक्ष्मीकांत तिवारी सुमित शर्मा अभिषेक पांडे जितेंद्र तिवारी बृजमोहन तिवारी राकेश दुबे अरुण मिश्रा मुकेश तिवारी किशोर तिवारी हनुमान शर्मा सतीश पांडे दीपक मिश्रा राकेश शर्मा शशिकांत दुबे रामकुमार मिश्र मंजरी दुबे प्रीति अजय बेहरा सुमन पांडे शशि किरण शुक्ला मृदुला शुक्ला ज्योति शर्मा सरिता शर्मा आरती तिवारी ब्रह्मा तिवारी प्रकाश शर्मा टीकम पांडे अवधेश दुबे और समस्त विप्र समाज ने बधाई एवम् शुभकामनाएं दी है।

## सेल प्रतिष्ठित एसएचआरएम एचआर उत्कृष्ता पुरस्कार से सम्मानित




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित एसएचआरएम इंडिया वार्षिक सम्मेलन - 2024 में 'समावेश, समानता और विविधता में उत्कृष्टता' और 'डिस्ट्रीब्यूटेड वर्कफोर्स प्रबंधन में उत्कृष्टता' श्रेणियों में एसएचआरएम - एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

ये पुरस्कार सेल द्वारा देश भर में फैले अपने विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में, संगठन के कार्यबल के समावेशी विकास के लिए अपनाई जा रही अग्रणी मानव संसाधन प्रणालियों और पहलों का प्रमाण हैं। कंपनी अपने कार्मिकों को अपनी सफलता का मूल आधार और अपने सभी परिचालनों का केंद्रबिन्दु मानती है। कंपनी बेहतर कार्मिक प्रेरणा और जुड़ाव के लिए लगातार विभिन्न कदम उठा रही है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और माननीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चैधरी ने उपरोक्त सम्मेलन के दौरान श्रोताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उद्योग जगत के कई दिग्गजों ने भी अपने विचार और अंतर्दृष्टि साझा किए। एक संवाद सत्र के दौरान, सेल निदेशक के. के. सिंह ने सेल द्वारा अपनाए गए अभिनव मानव संसाधन प्रणालियों को साझा किया और समकालीन प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक वातावरण में एक रिजिलिअन्ट वर्कफोर्स बनाने में मानव संसाधन के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए अरविंदर सिंग हुए सम्मानित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 21 अक्टूबर 2024 को भिलाई के कला मंदिर में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन द्वारा आयोजित स्वच्छता वीर सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रामेन डेका की उपस्थिति में आईसेक्ट सुपेला बीडीएस कॉलेज/रमन आई टी आई के संचालक अरविंदर सिंग को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव भी सम्मिलित हुए।




## खास खबर...

### धान उपार्जन केन्द्र बहुउद्देशीय प्राथमिक ऋण समितियां (पैक्स) का होगा गठन

**रायपुर।** जिला सहकारी विकास समिति की उप समिति के संयुक्त कार्य समिति (पैक्स) की बैठक अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में आयोजित की गई। संयुक्त कार्य समिति के सदस्य सचिव एवं आयुक्त सहकारिता जिला रायपुर एनआर के चन्द्रवंशी के द्वारा बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया गया। जिले की 12 उप धान उपार्जन केन्द्रों को नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां (पैक्स) के रूप में गठित करने के साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में पर्याप्त जल क्षेत्र उपलब्ध है। ऐसे चिन्हित 38 ग्राम पंचायतों में नवीन मत्स्य सहकारी समितियां एवं जिन ग्राम पंचायतों में 200 लीटर से अधिक दुग्ध उत्पादन होता है ऐसे चिन्हित 30 ग्राम पंचायतों में दुग्ध सहकारी समितियां बनाने के लिए संयुक्त कार्य समिति द्वारा निर्णय लिया गया। बैठक में डीडीएम नाबार्ड के प्रतिनिधि मयूर चौहान, उप संचालक मत्स्य पालन मनोज कुमार पैंकरा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्रीमती अपेक्षा ब्यास उपस्थित रहे।

### डॉ. गौरव सिंह की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के समक्ष हुआ ईवीएम व वीवी पैट का रेण्डमाईजेशन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन के पश्चात फाईनालाईज्ड किए गये ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन में उल्लेख आईडी नंबर सहित सूची राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए सभी दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे सूची के आधार पर ईवीएम बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट का मिलान स्ट्रॉग रूम में रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए रखते समय कर सकते हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने बताया कि रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन कर लिया गया है। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया में रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कुल 266 मतदान केंद्र है। प्रथम रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया में 319 बीयू, 319 सीयू और 345 वीवीपैट का किया गया। मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद इसका प्रिंट निकालकर सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर कराने के बाद उन्हें इसकी प्रतियां प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए उड़नदस्ता दल का गठन

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया है। इसमें संशोधित कार्यपालक मजिस्ट्रेट उप अभियंता रंजीत कुमार बरवा को बनाया गया है। वहीं पर्यवेक्षणकर्ता पुलिस अधिकारी एएसआई नीलमणी साहू एवं वीडियोग्राफर आकाश प्रधान की ड्यूटी लगाई गई है। सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ड्यूटी में रहेंगे।

### आदर्श आचार संहिता में निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर नगर दक्षिण में उप निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन व्यय निगरानी हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थैतिक निगरानी टीम की ड्यूटी लगाई है। नाकाबंदी पाइंट देवपुरी, भाठागांव, अग्रसेन चैक एवं सुभाष स्टेडियम चैक में स्थैतिक निगरानी टीम की ड्यूटी लगाई गई है। इस टीम का नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर को बनाया गया है।

### अब तक 10 अभ्यर्थियों ने जमा किए अपने नामांकन

**रायपुर।** रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत 22 अक्टूबर तक 10 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। आज निर्दलीय से नंदिनी नायक, निर्दलीय से रवि भोई, निर्दलीय से सैय्यद मुस्लीम, निर्दलीय से मो. नासीर मोहम्मद, निर्दलीय से रिजवाना, राइट टू रिकॉल पार्टी से चम्पालाल पटेल (3), निर्दलीय से जुगराज जगत ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। एक अभ्यर्थी राइट टू रिकॉल पार्टी से चम्पालाल पटेल (3) ने तीन नामांकन पत्र जमा किये।

# प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर सफाई व मार्ग सौंदर्यीकरण के दिए निर्देश

## विधायक मिश्रा सहित महाप्रभु जगन्नाथ मन्दिर प्रांगण व खम्हारडीह चौक का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को राजधानी शहर रायपुर के विभिन्न प्रमुख मार्गों का निरीक्षण निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, संतोष पाण्डेय, एके हालदार, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, पद्माकर श्रीवास, सम्बंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में किया एवं नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों में जारी मार्ग सौंदर्यीकरण कार्यों एवं सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने एसआरपी चौक शंकर नगर, शंकर नगर मार्ग, अशोका टावर चौक, महाप्रभु श्रीजगन्नाथ मन्दिर प्रांगण, खम्हारडीह चौक, शंकर नगर मार्ग, रायपुरा चौक, जीई मार्ग, साइंस कॉलेज के बाजू से डीडी नगर गोल चौक रोहिणीपुरम जाने वाले बाईपास मार्ग, एम्स अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग से टाटीबंध चौक तक मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। आयुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को डीडी नगर गोल चौक जाने वाले बाईपास मार्ग को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने का कार्य प्राथमिकता से तेज गति के साथ करवाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जीई मार्ग में साइंस कॉलेज के बाजू में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के पास मार्ग मार्ग में मार्ग के दोनों ओर करवाये जा रहे सुंदर आर्ट वर्क का निरीक्षण किया। आयुक्त ने टाटीबंध जीई मार्ग में एम्स अस्पताल के सामने मार्ग विभाजक की पेंटिंग और रंगरौगन के कार्य की तेज प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जीई मार्ग में साइंस कॉलेज के समीप पण्डित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, एनआईटी परिसर, एम्स अस्पताल परिसर टाटीबंध का निरीक्षण किया।

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित अधिकारियों की उपस्थिति में खम्हारडीह चौक का निरीक्षण कर मार्ग सौंदर्यीकरण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए। रायपुर उत्तर विधायक और आयुक्त ने गायत्री नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था एवं मार्ग सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। रायपुर उत्तर विधायक एवं निगम आयुक्त ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ के सुप्रसिद्ध मन्दिर के प्रांगण का अधिकारियों सहित निरीक्षण कर साफ-सफाई, नगर सौंदर्यीकरण के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आयुक्त ने नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और विभिन्न प्रमुख मार्गों में उद्योग समूह, व्यवसायिक संस्थान के सहयोग से करवाए जा रहे विभिन्न मार्गों, चौराहों के सौंदर्यीकरण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# छत्तीसगढ़ में भाजपा की सदस्यता का आंकड़ा हुआ 50 लाख के पार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ से जुड़ी जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में भाजपा सदस्यता अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में 50 लाख से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और संगठन महामंत्री पवन साय सहित सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के पीछे सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का समर्पित योगदान है।


इस दौरान प्रदेश में चल रहे सदस्यता अभियान, विशेष रूप से पहाड़ी कोरवा समाज (पीवीजीटी) में भाजपा सदस्यता के प्रयासों की सराहना की गई। प्रदेश संयोजक और प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचकर इस समाज में भी पार्टी की सदस्यता अभियान को सफल बना रहे हैं।

3 सितंबर से शुरू हुए भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के अंतर्गत 19 अक्टूबर तक पार्टी ने 50,09,658 सदस्य बनाए हैं। प्रदेशभर में अब सक्रिय सदस्यता के लिए भी अभियान जारी है। सिंहदेव ने बताया कि इस दौरान प्रदेश में 34,09,158 लोगों ने फार्म भरकर सदस्यता ग्रहण की, जबकि 6.40 लाख लोग मिस्ड कॉल के माध्यम से पार्टी के सदस्य बने। इस प्रकार कुल 40,49,158 लोग ऑनलाइन सदस्य बने, जबकि 9,60,500 लोग ऑफलाइन सदस्य बने, जिनकी डाटा एंट्री अभी जारी है।

अनुराग सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सदस्यता लेने के लिए अभूतपूर्व उत्साह देखा गया, और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों व सुशासन के कारण बड़ी संख्या में लोग स्वस्फूर्त रूप से भाजपा से जुड़े। उन्होंने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि तीज-त्योहारों के बावजूद इतने कम समय में यह संख्या पार होना प्रदेश में पार्टी की मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

# ध्वनि प्रदूषण को लेकर हस्तक्षेप याचिका, अगली सुनवाई 28 को

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगातार शिकायतों के बाद भी कोई गंभीर कार्रवाई नहीं हो रही है। मजबूरन कोर्ट के शरण में जाना पड़ रहा है,अब केवल न्यायपालिका पर ही भरोसा रह गया है। इसलिए सामाजिक कार्यकर्ता राकेश चौबे ने

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में ध्वनि प्रदूषण मामले पर एक हस्तक्षेप याचिका चीफ जस्टिस रमेश सिंन्हा के बेंच में दायर किया है, जिसें माननीय बेंच ने हस्तक्षेप एप्लीकेशन के रूप में स्वीकार कर लिया है। श्री चौबे ने बता कि उन्होंने वर्तमान में डीजे और ध्वनि प्रदूषण को लेकर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, छत्तीसगढ़ पर्यावरण विभाग के सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल सदस्य सचिव एवं कलेक्टर रायपुर को लिखित शिकायत करते हुए अवगत कराया था कि सर्वोच्च न्यायालय और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना हो रही है।

इस विषय को लेकर एक याचिका माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर की जिसे कोर्ट ने स्वीकार लिया है और इस पर अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। पूर्व में एक पिटीशन नागरिक संघर्ष समिति के डॉक्टर राकेश गुप्ता ने भी फाइल की थी इस याचिका पर उन्होने हस्तक्षेप याचिका अपने एडवोकेट हिमांशु रस्तोगी के मार्फत से लगायी है और यह भी मांग की है कि दिल्ली की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राज्य में भी शिकायत के लिए एक आनलाइन पोर्टल बनायी जाए। क्योंकि और भी राज्यों में इस तरह की व्यवस्थाएं हैं, जिसे पिटीशन के मार्फत्त माननीय न्यायालय के सम्मुख रखा है। छत्तीसगढ़ में ध्वनि प्रदूषण को लेकर लगातार शिकायतें राज्य सरकार के पास भी पहुंच रही है, मगर कोई ठोस व गंभीर कार्रवाई नहीं होने से ऐसे तत्वों के हौसले बढ़े हुए हैं। आखिरकार न्यायालय जाना पड़ा और उन्हे पूर्ण विश्वास है कि न्यायालय के हस्तक्षेप से ही ठोस कार्रवाई होगी।

# छात्रों ने मानव श्रृखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह और स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के लिए वर्धमान द स्कूल के छात्रों ने एक विशेष मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत मतदान के नारे लगाए और विभिन्न श्लोगनों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर 13 नवंबर लिखकर यह संदेश दिया कि हर वोट महत्वपूर्ण है। छात्रों ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और मित्रों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि लोकतंत्र की मजबूती में योगदान कर सकें। पुरस्कार दिया गया। तथा विकास वर्ग में मनोज देवांगन, भूपेश केसरवानी, राजकुमार चतुर्वेदी को पहला दूसरा और तीसरा तथा संतोष और नरेंद्र बंगाली को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं रमन हलवाई को ओवरऑल कैटेगरी में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ वैभव शिव पांडे, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई समेत पत्रकार और फोटो पत्रकार उपस्थित रहे।

# हाई प्रोफाइल कैदियों को अब नहीं मिलेगा घर का लजीज खाना

## बंद हुआ वीआईपी ट्रीटमेंट

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** सेंट्रल जेल रायपुर में ईडी के मामलों से संबंधित आरोपियों को मिल रही वीआईपी सुविधा बंद कर दी गई है। बताया गया है कि ईडी के ये आरोपी सूर्यकांत तिवारी, अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और समीर बिश्नोई सहित महिला आरोपी भी जेल जाने के बाद से वहां की वीआईपी बैरक में रखे गए थे, जहां इन्हें वीआईपी सुविधा मिल रही थी। अब ये सुविधा समाप्त करते हुए इन चारों को सामान्य बैरक में भेज दिया गया है। इस संबंध में जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य का कहना है कि जेल में रोटेशन होता रहता है, लेकिन यह सुरक्षागत विषय है।

जेल के इन वीआईपी बंदियों को अब वीआईपी बैरक से हटाने के बाद इन्हें अब तक मिल रही खास सुविधाएं भी बंद हो जाएगी। इन कैदियों को विशेष सुविधा जैसे कि घर से खाना आना, राशन आना, ड्राई फ्रूट आना, च्यवनप्राश आना सब बंद कर दिया गया हैं। अब आरोपियों को सामान्य कैदियों की तरह खाना मिलेगा। सामान्य कैदियों की तरह ही रहना होगा। साथ ही मोबाइल फोन उपलब्ध कराने या बात करते पाए जाने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते दिनों कानून व्यवस्था पर बैठक ली थी। उन्होंने सबके साथ सामान्य व्यवहार करने और बाहर और जेल के अंदर वीआईपी ट्रीटमेंट को खत्म करने के निर्देश दिए थे। जेल डीजी हिमांशु गुप्ता ने उसके बाद सख्ती की है। उसका असर है कि ईडी के आरोपियों को मिल रही सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। साथ ही कैदियों को प्रेरक और रचनात्मक कार्यों हेतु रुझान करने के लिए रायपुर जेल रेडियो स्टेशन की स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही ये निर्देश भी दिए गए हैं कि किसी भी बंदी को मोबाइल फोन न उपलब्ध कराया जाए। ऐसा करने पर जेल स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
















# शरवरी वाघ ने बैडमिंटन खेलते हुए शेयर की तस्वीरें

**शरवरी वाघ का मंडे मोटिवेशन फैंस को रास आ रहा है। नीले कोर्ट पर ब्लैक ड्रेस में मुंज्या स्टार पसीना बहाती देखी जा सकती हैं। एक्टर ने तस्वीरें फैंस से शेयर की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की सीरीज साझा कर अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा पेश है मंडे मोटिवेशन (सोमवार की प्रेरणा)।**



तस्वीरों में अभिनेत्री पैडल खेलते देखी जा सकती हैं। उन्होंने ऑल ब्लैक स्पोर्ट वियर में हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री के बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं। उनके प्रशंसकों ने तारीफ कर कमेंट बॉक्स को भर दिया है। एक यूजर ने लिखा 'शरवरी मैम ऑन फायर।' दूसरे ने कहा 'माई क्रश'। तीसरे यूजर ने लिखा 'सुपर फिट अल्फा के लिए शुभकामनाएं।'

शरवरी वाघ निखिल आडवाणी की 'वेदा' में नजर आई थीं। फिलहाल, वह वाईआरएफ की अपकमिंग प्रोजेक्ट अल्फा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में शरवरी के साथ आलिया भट्ट भी हैं। फिल्म का निर्देशन द रेलवे मैन फेम शिव रवैल ने किया है। आलिया और शरवरी दोनों ही कश्मीर की खूबसूरत वादियों में शूटिंग कर रही हैं।

फिल्म में शरवरी, आलिया के साथ बॉबी देओल और अनिल कपूर भी हैं। बॉबी देओल कथित तौर पर फिल्म में विलेन की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अनिल कपूर भी फिल्म में अहम रोल में नजर आएंगे। 'अल्फा' 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज होगी। शरवरी ने साल 2015 में संजय लीला भंसाली और लव रंजन के लिए सहायक निर्देशक के रूप में करियर की शुरुआत की थी। वहीं, एक्टिंग में डेब्यू साल 2020 में किया। उन्होंने कबीर खान की एक्शन फिल्म द फॉरगॉटन आर्मी–आजादी के लिए से शुरुआत की थी। इसके बाद अभिनेत्री यशराज फिल्म की कॉमेडी बंटी और बबली 2 में नजर आई थीं। शरवरी को साल 2021 में फिल्म फेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट फीमेल डेब्यू का अवॉर्ड भी मिल चुका है। 2024 में ही वो कॉमेडी–हॉरर फिल्म मुंज्या में दिखाई दीं।


# प्रभास का बर्थडे सेलिब्रेशन शुरू, जल्द सामने आएगी द राजा साब की खास झलक

प्रभास की अपकमिंग फिल्म द राजा साब के डायरेक्टर मारुति ने हाल ही में फिल्म को लेकर बड़ी हिंट दी है। दरअसल 23 अक्टूबर को प्रभास का बर्थडे है लेकिन सेलिब्रेशन शुरू हो चुका है। जल्द ही मेकर्स उनकी आने वाली फिल्म द राजा साब से कुछ स्पेशल रिलीज करने वाले हैं। हाल ही में डायरेक्टर ने एक्स पर इसको लेकर बड़ी हिंट दी है।

प्रभास की द राजा साब 10 अप्रेल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और 23 अक्टूबर को प्रभास अपना 44वां बर्थडे सेलिब्रेट करने जा रहे हैं। जिसका सेलिब्रेशन मेकर्स ने अभी से शुरू कर दिया है। डायरेक्टर मारुति ने एक्स पर बताया कि वे जल्द ही द राजा साब से कुछ स्पेशल शेयर करने वाले हैं। प्रभास गारु का बर्थडे आ रहा है। होर्डिंग, फ्लेक्स, बैनर सब दिखा दिया। लेकिन काफी टाइम हो गया कुछ नया अपडेट नहीं है इस पर डायरेक्टर मारुति ने कहा– हां जल्द ही कुछ डार्लिंग की तरफ से डार्लिंग के फैंस के लिए कुछ आने वाला है। हमारे साथ बने रहें।

मारुति द्वारा निर्देशित हॉरर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 10 अप्रेल 2025 को सिनेमा घरों में रिलीज होगी। जुलाई में मेकर्स ने 45 सेकंड का टीजर रिलीज किया था जिसमें प्रभास के लीड कैरेक्टर की झलक दिखाई गई थी। टीजर में प्रभास को मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखाया गया जिसमें वे सूट, धूप का चश्मा और हाथों में फूलों का गुलदस्ता लिए हुए हैं। जिसके बाद से फैंस फिल्म की अपडेट को लेकर बेताब हैं। अब जाकर उनका इंतजार पूरा हो गया है और मेकर्स प्रभास के बर्थडे सेलिब्रेशन के रूप में फिल्म से कुछ स्पेशल शेयर करने वाले हैं।

द राजा साब में प्रभास के साथ मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार जैसे कलाकार लीड रोल में हैं। प्रभास की यह मास एंटरटेनर पांच भाषाओं तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में 10 अप्रेल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रभास की पिछली रिलीज कल्कि 2898 एडी थी जो ब्लॉकबस्टर रही इसमें उनके साथ अमिताभ बच्चन, दीपिका , कमल हासन जैसे कलाकार लीड रोल में थे।



# दो पत्ती में कृति सेनन की डबल रोल देख उलझीं काजोल

**दो पत्ती बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन की बतौर निर्माता पहली फिल्म है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कृति के अलावा काजोल भी हैं। लंबे इंतजार के बाद 14 अक्तूबर को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था और इसे काफी पसंद किया गया। फिल्म की रिलीज से पहले दर्शकों के बीच और उत्साह बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने दोनों अभिनेत्रियों का एक नया प्रोमो जारी किया है।**

नेटफ्लिक्स ने बहुप्रतीक्षित दो पत्ती का नया प्रोमो साझा किया। क्लिप में दर्शक काजोल को देख सकते हैं, जो एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जो कृति सेनन के दोहरे अवतारों का सामना करते हुए भ्रमित हो जाती हैं। कृति सौम्या सूद और शैली के रूप में नजर आएंगी। यह दृश्य निश्चित रूप से दर्शकों को हेमा मालिनी की 1972 में आई फिल्म सीता और गीता की याद दिलाएगा, जहां दिग्गज अभिनेत्री ने दोहरी भूमिकाएं निभाई थीं।

प्रोमो शेयर करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, हम सब पड़ेंगे सीता और गीता के चक्कर में, 25 अक्तूबर को, दो पत्ती देखें नेटफ्लिक्स पर। शहीर शेख ध्रुव सूद का किरदार निभा रहे हैं। कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित दो पत्ती काजोल द्वारा कृति और शहीर की प्रेम कहानी से जुड़े अपराध की जांच करने पर आधारित है। कहानी की एक बहन प्यार से घिरी एक सामान्य जिंदगी जीना चाहती है, जबकि दूसरी उसके सपनों और आकांक्षाओं को नष्ट करना चाहती है।

इससे पहले ट्रेलर साझा करते हुए कृति ने एक भावुक नोट लिखा था, क्योंकि यह फिल्म निर्माता के तौर पर उनकी पहली फिल्म है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, निर्माता के तौर पर मेरी पहली फिल्म, डबल रोल वाली मेरी पहली फिल्म, मेरी सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक.. यह तितली का कथा बहुत खास है, ट्विस्ट, टर्न, प्रतिद्वंद्विता, प्यार, चोट और एक महत्वपूर्ण विषय जिसके लिए पूरी टीम दृढ़ता से महसूस करती है। आप सभी द्वारा फिल्म देखने का इंतजार नहीं कर सकती। दो पत्ती का प्रीमियर 25 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर होने वाला है।



# नायरा बनर्जी ने शूटिंग के दौरान आई चुनौतियों के बारे में की खुलकर बात

फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री नायरा बनर्जी तेलुगू, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में कई सफल शो देने के बाद अब अपने आगामी शो 'चेकमेट' के लिए तैयार हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने शो में आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की और कई खुलासे किए।

'दिव्य दृष्टि' और 'जुबान संभालकर' जैसे टेलीविजन शो में काम कर लोकप्रिय हुईं अभिनेत्री ने साझा किया कि उनके शो में उनका किरदार उनसे काफी मिलता–जुलता है। शो रहस्यमय हत्याओं, रोंगटे खड़े कर देने वाले अपराधों और सस्पेंस से भरा है। शो में वह मुख्य महिला की भूमिका निभा रही हैं, जिसमें उनके किरदार का नाम नीलम है।

उनका किरदार शो में पति शेखर के साथ घुटन भरे विवाह के बंधन में फंस जाता है। अभिनेत्री ने बताया कि शेखर काफी रहस्यमयी व्यक्ति हैं। नाखुश शादी के इस जाल से बाहर आने का संघर्ष, उनका लचीलापन, ताकत और शक्ति ही शो का सार है।


शो के बारे में बात करते हुए नायरा ने कहा 'मेरा मानना है कि यह शो अपने आप में बहुत अच्छी तरह से शूट किया गया है। आज की दुनिया में इस तरह की धोखाधड़ी हमारे समाज में बहुत आम है, लेकिन हम कभी–कभी इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं या बात नहीं कर पाते हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि वास्तव में इस शो के किरदार ने मुझे इस भूमिका को जीवंत बनाने का मौका दिया। दर्शक देख सकते हैं कि शो हर एपिसोड के साथ अपने रहस्य को कैसे उजागर करता है।

शो में नायरा बनर्जी के साथ शालीन मल्होत्रा, रोहित खंडेलवाल और अरफीन अल्वी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नायरा ने शो को फिल्माने के दौरान अपने सबसे कठिन शॉट को साझा करते हुए कहा 'मेरा मानना है कि एक रहस्य ड्रामा को फिल्माना अपनी अनूठी चुनौतियों के साथ आता है, क्योंकि दर्शकों के लिए एक रोमांचक और रहस्यपूर्ण अनुभव बनाना हमारी जिम्मेदारी है। सबसे कठिन सीन के बारे में अभिनेत्री ने बताया कि इनमें से सबसे कठिन हत्या का प्रयास वाला सीन था। उन्होंने कहा 'हमें यह सुनिश्चित करने और सीन को सही तरह से करने के लिए कई बातों का ध्यान रखना पड़ा। इन चुनौतियों के बावजूद, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि परिणाम असाधारण रूप से शानदार रहे।



# क्या सोने से ठीक पहले पीते हैं पानी? आपकी सेहत को हो रहे ये नुकसान

हाइड्रेटेड रहना ओवरआल हेल्थ के लिए बेहद जरूरी है।पर आपको जानकर हैरानी होगी कि शरीर के लिए जितना आपका पानी पीना जरूरी है उतना ही इंपॉर्टेंट ये भी है कि आप किस समय पानी पी रहे हैं। जी हां पानी पीने का समय आपकी सोच से भी कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई लोगों का मानना है कि सोने से पहले पानी पीने से वह रात भर हाइड्रेटेड रह सकते हैं। अगर आप भी ऐसा ही सोचते हैं या फिर करते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। आज हम आपको सोने से पहले पानी पीने के फायदे और नुकसान के बारे में बताएंगे। यह भी बताएंगे कि इससे आपकी नींद कैसे प्रभावित हो सकती है।



## डिहाइड्रेशन से बचाएगा

सोने से पहले पानी पीने से डिहाइड्रेशन को रोकने में मदद मिल सकती है, जो बॉडी के टेंपरेचर रेगुलेशन, वेस्ट रिमूवल और जॉइंट लुब्रिकेशन को सपोर्ट करता है। खास तौर पर यह उन लोगों के लिए बहुत ही ज्यादा फायदेमंद है जो गर्म तापमान में रहते हैं या फिर जिन्हें रात में पसीना आता है। अच्छी तरह से बॉडी को हाइड्रेटेड रखने से बॉडी टेंपरेचर को कम किया जा सकता है जो अच्छी नींद में भी फायदेमंद है।

## बूस्ट करता है मूड

पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से मूड बेहतर होता है और चिड़चिड़ापन कम होता है। एक अध्ययन में पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने पानी का सेवन बढ़ाया, उनमें इमोशनल स्टेबिलिटी और आंतरिक शांति मिलती है। रात में पानी पीकर सोने से तनाव और चिंता से मुक्ति मिलती है और आरामदायक नींद में भी मदद मिलती है।

## नेचुरली डिटॉक्स एंड इम्यून सपोर्ट

सोने से पहले गर्म पानी पीना शरीर के लिए एक नेचुलर क्लींजर के रूप में काम कर सकता है। ये डाइजेशन को बेहतर बनाने में मदद करता है और पसीने के प्रोडक्शन को बढ़ाता है, जो बदले में शरीर से टॉक्सिक सब्स्टेंस को बाहर निकालने में सहायता करता है। इसके अलावा, सोने से पहले गर्म पानी में नींबू मिलाने से न केवल स्वाद बढ़ता है बल्कि विटामिन सी भी बढ़ता है, जिससे आपके इम्युनिटी सिस्टम को इंफेक्शन से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

## नोक्टूरिया का रिस्क

सोने से पहले पानी पीने के सबसे महत्वपूर्ण नुकसानों में से एक है नोक्टुरिया का जोखिम बढ़ना, एक ऐसी स्थिति जिसमें रात में बार–बार पेशाब करने के लिए जागना शामिल है। स्लीप साइकिल में यह व्यवधान नींद की गुणवत्ता को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है, जिससे प्रोडक्टिविटी में कमी, मूड स्विंग्स और यहां तक कि अवसाद और अन्य स्वास्थ्य स्थितियों का जोखिम भी बढ़ सकता है।

## हार्ट हेल्थ पर प्रभाव

बार–बार बाथरूम जाने के कारण नींद की कमी से हार्ट हेल्थ पर लॉन्ग टाइम एफेक्ट भी पड़ सकता है। पर्याप्त नींद की कमी से हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल और यहां तक कि दिल की बीमारियों जैसी स्थितियों के विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स नोक्टूरिया की संभावना को कम करने के लिए सोने से कम से कम दो घंटे पहले पानी पीने से बचने की सलाह देते हैं।

## बेहतर नींद के लिए हाइड्रेशन टिप्स

पूरे दिन स्टेबल हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए सोने से ठीक पहले के बजाय हर मील के साथ एक गिलास पानी पिएँ। फलों और सब्जियों का सेवन बढ़ाएँ, जिनमें पानी की मात्रा अधिक होती है और ये आपकी हाई वॉटर कंटेंट की ज़रूरत को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। देर शाम को कैफीन और शराब से बचें, क्योंकि ये पदार्थ यूरिन प्रोडक्शन को बढ़ा सकते हैं और आपकी स्लीप साइकिल में बाधा डाल सकते हैं।

# ज्यादा कंघी करने से क्यों झड़ते हैं बाल, जानें हेयर कॉम्बिंग करने का सही तरीका



खूबसूरत लहराते, काले, घने और मजबूत बाल किसे पसंद नहीं होते हैं। महिला हो या पुरुष बाल दोनों के लिए बहुत मायने रखते हैं। क्योंकि इस पर उनका ओवरऑल लुक डिपेंड करता है। ऐसे में लोग इनका ख्याल रखने में कोई कमी नहीं छोड़ते हैं। लेकिन जाने–अनजाने कई बार लोग ऐसी गलतियां कर देते हैं जिनसे बालों को बहुत नुकसान होता है। ऐसी ही एक गलती है बालों को गलत तरीके या बहुत ज्यादा कंघी करना। ज्यादा कंघी करने से बालों को नुकसान होता है। जितना आप बाल झाड़ेंगे, ये टूटेंगे, कमजोर होंगे। चलिए विस्तार से जानते हैं अधिक कंघी करने से बालों को क्या नुकसान हो सकता है, कब और कितनी बार करनी चाहिए कंघी।

## बालों को ज्यादा कंघी करने से क्या नुकसान होता है?

### हेयर फॉल की समस्या

देखभाल की कमी से बाल टूटते हैं। डैंड्रफ, हॉर्मोनल प्रॉब्लम, शरीर में पोषक तत्वों की कमी से भी बालों को नुकसान होता है। ज्यादा कंघी करने से भी कुछ लोगों को हेयर फॉल की समस्या होती है।

### जड़ों से कमजोर हो जाते बाल

जिन लोगों के बाल बहुत पतले होते हैं उन्हें बालों को ज्यादा कंघी करने से बचना चाहिए। क्योंकि ऐसे लोगों के बाल जड़ों से कमजोर होते हैं। जिन लोगों के बाल पहले से अधिक टूट रहे हों उन्हें इससे बचना चाहिए।

### स्कैल्प को पहुंचता नुकसान

जल्दी–जल्दी कंघी करने से स्कैल्प को नुकसान पहुंचता है। रूसी होने के कारण स्कैल्प में खुजली, इर्रिटेशन हो सकती है। डैंड्रफ होने पर अधिक तेजी से कॉम्ब करने पर रूसी बालों में ऊपर की तरफ आ जाते हैं।

### हेयर क्यूटिकल्स होता डैमेज

अधिक कंघी करने से हेयर क्यूटिकल्स को भी नुकसान होता है। ये बालों की सुरक्षा कवच होते हैं। अधिक कंघी करने से इन्हें नुकसान होता है। ऐसे में बाल संवेदनशील होकर टूटने शुरू हो जाते हैं।

## बालों में कैसे करनी चाहिए कंघी?

1.जब आपको लगे कि आपके बाल उलझे हुए हैं तो ही कंघी करें। बालों को हर समय खुला ना रखें। इससे ये उलझेंगे नहीं और आपको बार–बार कॉम्ब नहीं करनी पड़ेगा।

2.पुरुषों के बाल छोटे होते हैं, ऐसे में वे कंघी ना भी करें तो चलेगा। लेकिन स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बना रहे, इसके लिए आप दिन भर में एक से दो बार कंघी कर सकते हैं।

3.महिलाओं के बाल बहुत घने, लंबे हैं तो बेहतर होगा कि इन्हें बांधकर रखें। दिन भर में दो बार बालों को कंघी करना काफी है। घुंघराले बालों को भी दो बार कंघी करें।

4. घी हमेशा चौड़े, मोटे दांतों वाली ही खरीदें। क्वालिटी का ध्यान रखें।कभी भी शैम्पू करने के बाद गीले बालों में कंघी ना करें। इससे बाल अधिक टूटते हैं।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 300 करोड़ की लागत से अनेक किसान कल्याणकारी गतिविधियों का किया शुभारंभ

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्वेत क्रांति 2.0 की SOP जारी हुई, अब एक लाख नई व मौजूदा डेयरियों को सशक्त कर मिल्क रूट्स का विस्तार किया जायेगा

**नई दिल्ली (पीआईबी)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के आणंद में राष्ट्रीय डेयरी विकासबोर्ड के हीरक जयंती समारोह एवं त्रिभुवन पटेल की जयंती पर 300 करोड़ रूपए की लागत से अनेक किसान कल्याणकारी गतिविधियों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजव सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।**



हाल ही में श्वेत क्रांति 2.0 की SOP जारी की गई है जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा बताए गई किसान हितोन्मुखी सभी प्रमुख बातों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हम एक लाख नई और मौजूदा डेयरियों को सशक्त करेंगे और इस दूसरी श्वेत क्रांति से मिल्क रूट्स का भी विस्तार होगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि त्रिभुवन दास जी एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिनके कर्मठ जीवन की व्याख्या शायद ही कोई कर सकता है। त्रिभुवन दास जी ने स्व को त्याग कर देश के गरीब किसानों के सशक्तिकरण के लिए एक अनूठे विचार के साथ काम किया। उन्होंने जीवनपर्यंत स्वयं को अलग रखकर मूल सहकारिता की भावना के साथ देश के हर किसान को जोड़ने का यत्न, प्रयत्न और सफलता प्राप्त की। श्री शाह ने कहा कि त्रिभुवन दास जी के कारण ही देश के 5 करोड़ पशुपालक आज चैन की नींद सोते हैं और आज देश के करोड़ों किसान, विशेषकर महिलाएं, समृद्ध हो रही हैं। त्रिभुवन दास जी ने एक छोटी सी कोऑपरेटिव बनाई जो आज देश के 2 करोड़ किसानों को सहकारिता क्षेत्र के साथ जोड़कर हज़ारों करोड़ रूपए का व्यापार कर रही है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री 1964 में अमूल डेयरी को देखने गए और उन्होंने तय कर लिया कि सिर्फ गुजरात ही नहीं बल्कि पूरे देश के पशुपालकों को इस सफल प्रयोग का फायदा मिलना चाहिए। इसके बाद शास्त्री जी ने NDDB बनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि 60 साल में NDDB ने सहकारिता, देशभर के किसानों और माताओं-बहनों को न सिर्फ सशक्त और संगठित किया बल्कि उन्हें अपने अधिकार के लिए जागृत करने का काम भी किया। उन्होंने कहा कि जब पशुपालन कोऑपरेटिव के माध्यम से होता है तो सिर्फ किसान समृद्ध नहीं होता बल्कि देश के कुपोषित बच्चों के लिए भी काम होता है। अमूल के ज़रिए जो विश्वास खड़ा हुआ है इसने न सिर्फ महिलाओं का सशक्तिकरण किया बल्कि बच्चों को पोषण देकर एक सशक्त नागरिक बनाने की नींव डालने का भी काम किया।

अमित शाह ने कहा कि ने ग्रामीण क्षेत्र और देश के विकास को गति देने के साथ-साथ कृषि को अत्मनिर्भर बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि त्रिभुवन जी ने NDDBकी नींव रखी थी जो आज देश ही नहीं बल्कि विश्व का बहुत बड़ा संस्थान बन गई है। उन्होंने कहा कि 1987 में ये एक संस्था बना और 1970 से 1996 तक ऑपरेशन फ्लड योजना बनाने और इसे लागू कर श्वेत क्रांति में परिवर्तित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि 100 रूपए की शेयर पूंजी से अमूल आज 60 हज़ार करोड़ का सालाना व्यापार कर रहा है। श्री शाह ने कहा कि 1964 में जब लाल बहादुर शास्त्री जी ने NDDB की स्थापना का निर्णय लिया तब किसी को नहीं पता था कि एक दिन यह बीज इतना बड़ा वटवृक्ष बनेगा। NDDB की तरल दूध की बिक्री 427 लाख लीटर प्रति दिन, खरीद 589 लाख लीटर प्रति दिन और राजस्व 344 करोड़ रूपए से बढ़कर 426 करोड़ रूपए तक पहुंच गया है और शुद्ध लाभ 50 करोड़ रूपए है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ह्ष्ठष्ठक्र ने सब्ज़ियों की प्रोसेसिंग शुरू की है जिससे हमारे किसानों द्वारा उत्पादित सब्ज़ियां पूरी दुनिया में जाएंगी और इनका मुनाफा कोऑपरेटिव मॉडल के तहत नीचे तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि गोबरधन योजना से हमारी भूमि का संरक्षण और संवर्धन हुआ है, उपज बढ़ी है, किसान की समृद्धि बढ़ी है और पर्यावरण भी शुद्ध हो रहा है। गोबर से गैस, खाद बन रहे हैं और कार्बन क्रेडिट का पैसा हमारी माताओं-बहनों को मिल रहा है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दूरदर्शी निर्णय लेकर गोबरधन योजना को ज़मीन पर उतारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि NDDB ने 10,000 किसान उत्पाद संगठन भी पंजीकृत किए हैं।

अमित शाह ने कहा कि NDDB की पहल के बाद अब पूरे डेयरी क्षेत्र के सभी संयंत्र भारत में मेक इन इंडिया के तहत बनेंगे। उन्होंने कहा किआज 210 करोड़ रूपए की लागत से मदर डेयरी के फल और सब्जी प्रसंस्करण ईकाई का शिलान्यास हुआ है। इसके साथ ही आज उत्तराखंड के बद्री घी और मदर डेयरी केगिर घी ब्रांड की भी शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि कोऑपरेटिव के उत्पाद की ब्रांडिग कर उसे बाज़ार में खड़ाकर कॉर्पोरेट के साथ स्पर्धा के लिए तैयार करना ही हमारी सफलता है। आज हमारा अमूल ब्रांड पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है और यह हमारे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि लद्दाख के एप्रीकॉट, हिमाचल के सेब और मेघालय के अन्नानास के किसानों को भी आजशुरू हुई योजनाओं से फायदा मिलेगा।

# नशा से बचाव के लिए जागरुकता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे है। इसी तारतम्य में बलौदाबाजार में स्थित पं. चक्रपाणी हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 वी से 12 वीं के लगभग 471 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुडाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है,शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब गांजा, भांग, अफिम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और घुमपान सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है।

नशे से छुटकारें के लिए नशा मुक्ति केन्द्र भी संचालित किया जा रहा है जिसमें रहने की व्यवस्था, दवाईयों की व्यवस्था, उचित मनोचिकित्सकों की व्यवस्था भी की गई है एवं नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है। राज्य् शासन के निर्देशानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफ लिविंग कहा जाता है इसके संबध में भी जानकारी बच्चों को दी गई जिससे वह अपना जीवन सहजता एवं सरलता से यापन कर सके एवं जीवन की कठनाईयों का सामना कर सकें।

गौरतलब है कि मादक द्रवों के सेवन की समस्या से निपटने और भारत को नशा मुक्त बनाने के उददेश्य से 15 अगस्त 2020 को नशामुक्त भारत अभियान (एन.एम.बी.ए.) की शुरुवात की गई जिसके तहत देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे अधिक संवेदनशील 272 जिला की पहचान की गई। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशा से दूर रहने के नियम और निती पूर्ण बातों का जानकारी देतें हुए बचें रहने की सलाह भी दिये गये।

इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल सहित समाज कल्याण विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मत्स्य कृषकों को केन्द्र शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत् विभिन्न घटकों का लाभ प्राप्त करने के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। संचालक मछली पालन नारायण सिंह नाग ने बताया कि एनएफडीपी का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों के लिए कार्य आधारित पहचान का डाटाबेस निर्माण के माध्यम से भारतीय मत्स्य पालन को औपचारिक रूप देना है। भविष्य में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत् मत्स्य पालन अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। इसके तहत मछली पालन, मत्स्याखेट एवं मछली बेचने के व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों का पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर (च्वाइस सेंटर) के माध्यम से किया जा सकेगा।

संचालक श्री नाग ने बताया कि यदि परिवार के सभी सदस्य मछली पालन कार्य में संलग्न है, तो सभी का पंजीयन व्यक्तिगत रूप से किया जायेगा। पंजीयन के बाद मत्स्य विभाग से सत्यापन पश्चात उनके बैंक खातें में 80 रूपये शासन की ओर से प्राप्त होगा तथा कॉमन सर्विस सेंटर (च्वाइस सेंटर) को उनके प्रत्येक एन्ट्री पर 18 रूपये कमीशन के रूप में प्राप्त होगा।

पंजीयन हेतु मत्स्य कृषकों को अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार लिंक मोबाइल नम्बर के साथ कॉमन सर्विस सेंटर (च्वाइस सेंटर) में एन्ट्री कार्य कराया जाना है। पंजीयन हेतु आधार लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी अनिवार्य होगा। पंजीयन के बाद प्रारम्भ में अस्थायी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। कृषकों का मत्स्य विभाग से सत्यापन पश्चात स्थायी प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। राज्य के सभी जिलों में मत्स्य कृषकों का एनएफडीपी में पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। संचालक मछलीपालन ने राज्य के सभी मत्स्य कृषकों से एनएफडीपी पंजीयन कराने की अपील की है।

# राकेश भारती मित्तल और अजय पीरामल ने अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी का दौरा कर भावी इन्नोवेटर्स से की बातचीत



**अहमदाबाद ।** भारती एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष राकेश भारती मित्तल और अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष अजय पीरामल ने यूनिवर्सिटी कैंपस का टूर किया। श्री मित्तल ने आरंभ इनक्यूबेशन सेंटर में इनक्यूबेट किए गए छात्रों और इनोवेटर्स/स्टार्ट-अप्स से बातचीत की। उन्होंने पीरामल के साथ मिलकर आने वाले अकादमिक ब्लॉकों का भी दौरा किया, जो अनंत के इंफ्रास्ट्रक्टरल एक्सपेंशन विस्तार का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य अपने छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक प्रोवोस्ट डॉ प्रमथ राज सिन्हा भी मौजूद थे। शाम का मुख्य आकर्षण आरंभ इनक्यूबेशन सेंटर के कई छात्र इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप्स की प्रस्तुति थी, जिनमें से चार ने पहले ही अपने वेंचर्स रजिस्टर कर चुके हैं। इन अत्याधुनिक नवाचारों ने क्लाइमेट चेंज, वर्कप्लेस सेक्सुअल हर्रास्मेंट और स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा सहित विभिन्न दबाव वाले मुद्दों को संबोधित किया।

छात्रों से बात करते हुए, श्री मित्तल ने साझा किया, यह टूर वास्तव में उल्लेखनीय रहा है। मैं अनंत में हो रहे नवाचार के स्तर को देखकर प्रसन्न हूं। आज के छात्र न केवल नवाचार कर रहे हैं, बल्कि उस उम्र में व्यवसाय भी बना रहे हैं, जब हममें से कई अभी भी अपना रास्ता तलाश रहे थे। मैं छात्रों को बताना चाहता हूं कि भारत अवसरों से भरा हुआ है, और आप इस क्रांति का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। इसलिए, अपने जुनून का पीछा करें, बड़ा सोचें और बड़ा करें। श्री मित्तल ने छात्रों को ग्रामीण भारत और उसकी आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए टिकाऊ और किफायती समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आज की दुनिया में उद्योग-अकादमिक पार्टनरशिप के महत्व पर भी जोर दिया, जहां हर पांच साल में टेक्नोलॉजी डिसरप्टिव होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टनरशिप यह सुनिश्चित करेगी कि शैक्षणिक संस्थान छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करने वाली शिक्षा प्रदान करने में सक्षम हों।

इस अवसर पर बोलते हुए, अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी की प्रोवोस्ट डॉ अनुनया चौबे ने कहा, मैं अनंत को दिए गए सभी समर्थन के लिए श्री मित्तल को धन्यवाद देना चाहता हूं। हमारी पहलों और प्रोजेक्ट्स में उनकी सक्रिय भागीदारी हमारे मिशन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के बारे में बहुत कुछ कहती है। हमारे विजन् में उनका विश्वास हमें उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है और हमें आगे भी नवाचार करने के लिए प्रेरित करता है। वह हम सभी के लिए प्रेरणा रहे हैं।

### अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी समस्याओं का समाधान तैयार करने लिए है समर्पित

अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी, भारत का पहला डिज़ाइनएक्स विश्वविद्यालय, रचनात्मक सोच, समकालीन प्रौद्योगिकियों और स्वदेशी प्रथाओं के संयोजन के माध्यम से समस्याओं के समाधान तैयार करने के लिए युवा डिजाइनरों को प्रशिक्षित करने के लिए समर्पित है। हमारा डिज़ाइनएक्स तरीका युवा डिजाइनरों को सामुदायिक विसर्जन, नवाचार और सहयोग के माध्यम से उस संदर्भ की बेहतर समझ विकसित करने में मदद करने में अद्वितीय है जिसमें हम रहते हैं। हमारी शिक्षाशास्त्र का मूल समस्या-समाधान को प्रभावशाली बनाने के लिए कई ज्ञान विषयों और प्रौद्योगिकी द्वारा गुणा किया गया टिकाऊ डिज़ाइन है। डिजाइन, वास्तुकला, जलवायु कार्रवाई और दृश्य कला में हमारे बहु-विषयक स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रम विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ इसे एकीकृत करने के लिए विभिन्न विषयों और पारंपरिक प्रथाओं से प्राप्त ज्ञान का उपयोग करते हैं।

# सभी पंचायतों को सहकारी समितियों से जोड़ने करें आवश्यक कार्यवाही : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज




**गरियाबंद।** जिले के ग्राम पंचायतों को सहकारी समितियों से जोड़ा जाएगा। इसके माध्यम से ग्रामीणों को आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित करने का अवसर प्राप्त होगा। हर गांव के समिति से जुड़ने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। साथ ही गांव में स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

उन्होंने मछलीपालन, पशुपालन विभाग अंतर्गत किसानों के समितियां गठित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सहकारिता विभाग से समन्वय कर सभी गांवों में सहकारी समितियों का गठन करने की आवश्यक कार्यवाही तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्कूली बच्चों के आय, जाति, एवं मूल निवास प्रमाण पत्र निर्माण के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय सेवाओं के लिए आवश्यक जाति-मूल निवास प्रमाण पत्र सभी स्कूली बच्चों के बनवाने के निर्देश दिये। पूर्व में भी कलेक्टर द्वारा स्कूली बच्चों के सर्वे कर छुटे हुए बच्चों का प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिये गए थे। इस कार्य में लापरवाही बरतने एवं आवश्यक प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर कलेक्टर ने गरियाबंद बीईओ आर.पी. दास एवं छुरा बीईओ किशुन मतावले पर गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने इस संबंध में दोनों बीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही कार्य में प्रगति लाते हुए तेजी से प्रमाण पत्र बनाने के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकरियों को भी प्रमाण पत्र बनाने के कार्य की मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान बैठक में वनमण्डलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभागों में चल रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा की।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धमतरी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण मद से 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इनमें भखारा तहसील के ग्राम कचना निवासी प्रेम कुमार यादव की मृत्यु होने पर उनके पिता भारत यादव को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण मद से 25 हजार रूपये आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। इसी तरह ग्राम कचना के विजय यादव की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी थामेश यादव, ग्राम फागुनदाह के पीयश साहू की मृत्यु होने पर उनके पिता चन्द्रशेखर साहू को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण मद से 25-25 हजार रूपये आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। ग्राम अमलीडीह के हरखराम की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती प्रेमिन बाई और ग्राम देवपुर के टकेश्वर साहू की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती अनुराधा को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण के तहत 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है।

### अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**धमतरी।** धमतरी के कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 18 पौवा देशी शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी पुलिस थाना सिटी कोतवाली को मुखबिर के सूचना मिली की एक व्यक्ति हनुमंत नगर जाने के मार्ग गोकुलपुर चौक के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं कि सूचना के आधार पर शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी मानिक लाल डहरिया के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1,820 रूपये एवं बिक्री रकम 520 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (ए)ख आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### एसीबी में पदस्थ कई कर्मियों का हुआ तबादला

**रायपुर।** रायपुर क्राइम ब्रांच (अब एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट) में वर्षों से जमे एएसआई,कांस्टेबल और हेडकांस्टेबल समेत 24 कर्मचारियों का तबादला रायपुर रेंज के आइजी अमरेश मिश्रा ने किया है। जारी आदेश में प्रशासनिक आधार पर रेंज स्थापना बोर्ड के निर्णय पर ये तबादला किया गया है। आदेश में क्राइम यूनिट में वर्षों से पदस्थ एएसआई किशोर सेठ, मोहम्मद जमील और मोहम्मद कय्यूम को बलौदाबाजार, संतोष सिंह को धमतरी, मो.इरफान को गरियाबंद भेजा गया है। वहीं हेड कांस्टेबल सरफराज चिश्ती को महासमुंद, अभिषेक सिंह को धमतरी, मोहम्मद सुल्तान को गरियाबंद, कांस्टेबल रवि तिवारी, राहुल शर्मा और मो.राजिक को बलौदाबाजार, आलम मिर्जा को गरियाबंद, सरीम खान, कुलदीप मिंज को धमतरी, अमित यादव को बलौदाबाजार, मुकेश सिंह राजपूत को महासमुंद, कृष्णा ठाकुर को बलौदाबाजार तबादला किया गया है जबकि धमतरी में पदस्थ हेड कांस्टेबल दिनेश तुरकाने, देवेंद्र राजपूत, महिला हेड कांस्टेबल माधुरी सोनवानी को रायपुर, कांस्टेबल कुलदीप सिंह, अंकुश नंदा, खेमू हिरवानी को रायपुर और साजिद अली को बलौदाबाजार भेजा गया है।

# मोबाइल टावर में लगी आग, एक घंटे की कड़ी मशक्कत से पाया काबू




श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा स्थित विशाल मेगा मार्ट के पास बने मोबाइल टावर में आग लग गई। घटना की जानकारी लगते ही फायर टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया गया। इस दौरान एक बड़ी हानि बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह विशाल मेगा मार्ट के पास एयरटेल, जिओ और आइडिया के कंबाइन मोबाइल टावर में अचानक से आग लग गई, अचानक से फैले आग और धुंए को देखकर आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी नगर सेना सेनानी एस मार्बल को दी।

मामले की जानकारी लगते ही फायर की एक टीम को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया, जहां एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। वहीं आग के फैलने के डर से लोग अपने घर से बाहर आ कर इकट्ठा हो गए। मामले की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई, फिलहाल आग को बुझा दिया गया है।

### बच्चों से भरी स्कूल वैन नदी में गिरी, बाल-बाल बचे

**जांजगीर-चांपा (ए.)।** सक्ति जिले में एक स्कूल वैन अनियंत्रित होकर सोन नदी जा गिरी।



हादसे के दौरान वैन में 15 बच्चें सवार थे। आसपास मौजूद ग्रामीणों की मदद से सभी बच्चों को बाहर निकाला गया। सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना हसौद थाना क्षेत्र के पिसौद गांव की है। बताया जा रहा हैं कि स्कूल वैन पीसौद से हसौद आने वाली सोनदी डेम में पलटा है। बताया जा रहा है सभी बच्चे और ड्राइवर सही सलामत है, कोई जनहानि नहीं हुई है, ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद सभी बच्चों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## धान खरीदी में फर्जीवाड़ा करने वाला केन्द्र प्रभारी रामदास बंजारे गिरफ्तार

**रायपुर (ए.)।** मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के गुरुवाइन डबरी धान खरीदी केंद्र में फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपी रामदास बंजारे को पुलिस ने तिफरा बिलासपुर के पास घेरा बंदी कर आज गिरफ्तार किया। गुरुवाइनडबरी धान खरीदी केंद्र प्रभारी रहते हुए इसने फर्जीवाड़ा कर शासन को 91 लाख 68 हजार से अधिक का आर्थिक नुकसान पहुंचाया था।



फाईल फोटो

धान खरीदी में गड़बड़ी का मामला सामने आने पर कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं विवेक शुक्ला के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी लोरमी मती माधुरी धीरही के नेतृत्व में थाना लालपुर एवं साइबर सेल की टीम द्वारा आरोपी रामदास बंजारे की गिरफ्तारी के लिए सभी संभावित स्थानों पर छापेमारी की गई। एफआई.आर. के बाद से आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। इस दौरान सूचना मिली कि आरोपी बिलासपुर के तिफरा के पास छिपकर अपना नाम पता बदल कर रह रहा था। सूचना पर तत्काल थाना लालपुर और साइबर सेल की टीम को गिरफ्तारी के लिए बिलासपुर भेजा गया और तिफरा के पास आरोपी को घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश वास ने बताया कि रामदास बंजारे द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के दौरान बेईमानीपूर्वक 25 सौ क्विंटल से अधिक धान का गबन किया गया था। इसके साथ ही किसानों से खरीदे गए धान में से 600 बोरी धान को बेईमानी पूर्वक बिक्री करने के लिए श्याम राईस प्रोडक्ट बरेला के ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 2108 में लोड कराया गया था। उक्त कृत्य के लिए उनके खिलाफ थाना लालपुर मुंगेली में आईपीसी की धारा 420, 409 तथा 511 के तहत अपराध दर्ज करते हुए जांच की जा रही थी। विवेचना में पाया गया था कि उसके द्वारा लगभग 91 लाख 68 हजार रुपए के धान का फर्जीवाड़ा किया गया है। आरोपी रामदास बंजारे अपराध दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था।

## महिला ने किया दो लड़कों से प्रेम विवाह दो पतियों के बीच थाने में हाथापाई

■ पुलिस ने दोनों पतियों को किया गिरफ्तार

**कोटा (ए.)।** एक युवती ने दो युवकों से प्रेम विवाह कर लिया, अब दोनों पतियों के बीच युवती को रखने के लिए विवाद चल रहा है। मामला कोटा थाना तक पहुंच गया और थाना परिसर में दोनों पति आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दोनों पतियों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

कोटा टीआई उमेश साहू ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने लोकबंद निवासी विनय गेंदले से प्रेम विवाह किया और उसके साथ 5 साल तक रही। उसके बाद युवती का मरहीकांपा निवासी संजू साहू से प्रेम संबंध हो गया। युवती अपने पति व बच्चे को छोड़कर प्रेमी संजू साहू के साथ चली गई, उससे शादी कर वह दो साल उसके साथ रही, उनका एक बच्चा है। कुछ दिनों बाद दोनों के बीच विवाद होने लगा, इसलिए वह एक माह पहले संजू साहू व बच्चे को छोड़कर अपने पहले पति विनय गेंदले के पास आकर रहने लगी। इधर





विनय गेंदले व संजू साहू के बीच युवती को रखने के लिए विवाद शुरू हो गया।

### दोनों रिपोर्ट लिखाने पहुंचे थाने, दोनों पति आपस में भिड़े

21 अक्टूबर को संजू साहू अपने घरवालों को लेकर युवती को लेने के लिए विनय गेंदले के घर पहुंच गया। दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। उसके बाद दोनों रिपोर्ट लिखाने के लिए कोटा थाना पहुंच गए। दोपहर 12 बजे थाना परिसर में दोनों पति आपस में भिड़ गए और एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट करने लगे। जिससे थाने में हड़कंप मच गया। टीआई उमेश साहू ने दोनों को पकड़कर थाने में बैठा दिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफधारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

## गांजा तस्करी करने वाले चार आरोपी पकड़ाए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह द्वारा आपरेशन प्रहार'' के तहत अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध नशा के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने निर्देश दिये जाने गए हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा, को मुखबीर से सूचना मिली कि सिल्वर कलर की इनोवा कार क्रमांक सीजी-10 एम 4100 में कुछ लोग कोरबा की ओर से मोपका बाईपास होते हुए सकरी अंडर ब्रिज कानन पेण्डारी, काठाकोनी के रास्ते अत्यधिक मात्रा में मादक पदार्थ गांजा भरकर तखतपुर गांजा बिक्री करने जा रहे है।

थाना प्रभारी सकरी निरीक्षक दामोदर मिश्रा, थाना प्रभारी रतनपुर निरीक्षक रजनीश सिंह के नेतृत्व में थाना सकरी एवं थाना रतनपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से घोघा नाला पुल के पास ग्राम काठाकोनी पहुंचकर घेराबंदी किया गया। इस दौरान सकरी कानन पेण्डारी की ओर से सिल्वर कलर की इनोवा कार क्रमांक सीजी-10 एम 4100 को आते देख पेटोलिंग वाहन को पुल के पास रोड में अड़ाकर उक्त वाहन को रोकवाने का प्रयास किया गया। कार चालक द्वारा इनोवा कार को पुल के पास से वापस मोड़कर भागने का प्रयास कर रहा जिससे कार रोड से नीचे गडढे में उतरकर पलट गया। कार चालक व उसमें सवार व्यक्ति कार से निकलकर भागने लगे तभी पुलिस टीम ने उनको दौड़ाकर पकड़ा लिया गया। आरोपियों के कब्जे से 16.820 किलो ग्राम गांजा कीमती 2,00,000 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त इनोवा कार क्रमांक सीजी-10 एम 4100 कीमती 15,00,000 रुपए तथा 05 नग मोबाईल बरामद किया गया। कुल रकम लगभग 20 लाख रुपए जब्त कर, आरोपियों को एनडीपीएस की धारा 20बी के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।



पकड़े गए आरोपियों में विष्णु चंद्रा उर्फ बब्लू पिता नवधा प्रसाद 42 वर्ष निवासी ग्राम आमगांव थाना जैजैपुर जिला सक्ती, सोहन साहू उर्फ गोलू पिता बेदराम साहू 22 वर्ष निवासी पेण्डी नवागढ जिला जांजगीर चांपा, कांति उर्फ काजल पाण्डेय पति प्रवीण पाण्डेय 36 वर्ष निवासी तखतपुर थाना तखतपुर बिलासपुर व प्रदीप पाण्डेय पिता शत्रुहन लाल पाण्डेय 46 वर्ष निवासी तखतपुर थाना तखतपुर जिला बिलासपुर शामिल हैं।

# नागपुर से आई महिलाओं का चोर गिरोह, दो हुई गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दीपावली का त्यौहार आने में कुछ दिन ही शेष है और लोग खरीददारी करने के बाजार में आना - जाना कर रहे है और इसी का फायदा उठाने के लिए नागपुर के ग्राम कन्हान से आई दो महिलाओं को ऑटो चालक और उठाईगिरी की शिकार हुई महिला के सहयोग से पुरानी बस्ती पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों महिलाओं ने शिव वाटिका, अश्वनीनगर की रहने वाली अनिता देवांगन का पर्स पार कर दिया था जिसमें पांच हजार रुपये थे।

शिव वाटिका, अश्वनीनगर निवासी अनिता देवांगन (56) सोमवार की दोपहर 3:30 बजे टिकरापारा गई थीं। वहां से उनकी बहन दुर्गा देवांगन ने उन्हें बूढ़ेश्वर मंदिर तक छोड़ दिया और लौट गईं। बूढ़ेश्वर चौक से अनिता एक ऑटो रिक्शा में सवार होकर अश्वनीनगर जाने लगीं, जिसमें पहले से दो पुरुष बैठे थे। मंगल होटल के पास दो महिलाएं लाखेनगर जाने का बहाना बनाकर अनिता के करीब बैठ गईं। लेकिन उन्होंने लाखेनगर में उतरने के बजाय अश्वनीनगर के पास उतरने का निर्णय लिया। इसी दौरान, एक अन्य ऑटो चालक ने अनिता को चेतावनी दी कि, मैडम, आप अपना पर्स चेक कर लीजिए, अभी जो महिलाएं ऑटो से उतरी हैं, वे उठाईगीर है अनिता ने तुरंत अपना बैग खोला और देखा कि पांच हजार रुपये से भरा उनका पर्स गायब था। इस बीच, दोनों महिलाएं भी वहां से जा चुकी थीं। ऑटो चालक और अनिता ने आसपास महिलाओं की तलाश की, तो वे एक किराना दुकान में दिखीं। चालक की मदद से अनिता ने दोनों महिलाओं को पकड़कर पूछताछ की, लेकिन वे पर्स चोरी करने से इंकार करती रही

इस दौरान, ऑटो चालक ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को बुला लिया। अनिता ने दोनों महिलाओं की तलाशी ली, तो उनके थैले में गायब पर्स पाया गया। पुलिस टीम ने दोनों महिलाओं को पुरानी बस्ती पुलिस थाने ले जाकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार की गई महिलाएं महाराष्ट्र के नागपुर जिले के ग्राम कन्हान की हीराबाई खन्ना गायकवाड (40) और केसर कैलाश लोंढे (45) हैं। पुलिस ने इस मामले में चोरी का केस दर्ज किया है। पूछताछ में दोनों ने पर्स चुराने की बात स्वीकार कर ली और बताया कि वे शहर के विभिन्न भीड़-भाड़ वाले इलाकों में उठाईगिरी और चोरी की घटनाएं अंजाम देने के लिए आई थीं। पुलिस उनके गिरोह से जुड़े अन्य महिलाओं और पुरुषों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### पकड़े गये दो मोटरसायकल चोर,भेजे गये जेल

**धमतरी।** जिले की कुरूद थाना पुलिस ने अलग अलग क्षेत्रों से मोटरसायकल चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से चोरी की मोटरसायाकल बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार बोरतरा थाना गुरूर जिला बालोद के रहने वाला विजय कुमार मंडावी पिता अरूण मंडावी 30 वर्ष ने कुरूद थाने में अपनी मोटरसायकल पैसन प्लस क्रमांक सीजी 07 एलपी 9621 को शिक्षक कॉलोनी कुरूद से कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लेने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर थाना कुरुद द्वारा तत्काल मो.सा.एवं अज्ञात आरोपी के पता साजी के लिए प्रार्थी एवं गवाहों का कथन, घटना स्थल का निरीक्षण एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर प्रकरण के आरोपी गगनदीप, इंद्रजीत सिंह को संदिग्ध हालत में अरिहंत पेट्रोल पंप के पास मिलने पर कड़ाई से पूछताछ पर मेमोरण्डम कथन में आरोपी गगनदीप, इंद्रजीत सिंह दोनों ने मिलकर 20 अक्टूबर 2024 के दोपहर करीबन एक बजे शिक्षक कॉलोनी कुरूद से मोटरसायकल चोरी करना बताया। पुछताछ में आरोपियों ने इस चोरी के अतिरिक्त भी 18 अक्टूबर 2024 को शाम को जियो ऑफिस के सामने से एक बाईक एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 05 8447 व धमतरी घड़ी चौक के पास शाम करीबन 7 बजे एक पार्किंग में एक बजाज डिस्कवर बाईक क्रमांक सीजी-05 0 4984 चोरी करना बताया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी गगनदीप के कब्जे से बजाज डिस्कवर, एक पैसन प्लस मोसा. एवं आरोपी इंद्रजीत सिंह से एचएफ डिलक्स पृथक पृथक जप्त किया गया है तथा आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2),3(5)एवं धारा 3(5) बीएनएस. के तहत वैधाहिक कार्यवाही की गई। आरोपियों गगनदीप एवं इंद्रजीत सिंह को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बिलासपुर।** मल्हार थाना क्षेत्र के ग्राम कारियाताल नेवारी स्थित एक मकान में एक युवक की फांसी पर लटकती लाश देख गांववाले सकते में आ गए। तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्य मार्ग स्थित ग्राम सोनी सुमन का घर है। इसी मकान में गांव में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। सुबह करीब 6 बजे ग्रामीणों ने देखा कि सोनी सुमन के बाड़ी में लगे कौहा पेड़( अर्जुन पेड़) पर ग्राम कारियाताल नेवारी निवासी दीपक सिंह ठाकुर (मोनू) पिता उदय सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष की लाश पेड़ से लटकती मिली है जो पेड़ में रस्सी के सहारे झूल रहा था। वही अंदाजा लगाया जा रहा है कि सोनी सुमन के घर के आंगन में कपड़ा सुखाने वाले रस्सी को काट पेड़ से बांध फंसी पर झूल गया होगा जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची डायल 112 और मल्हार पुलिस आगे की जांच कार्यवाही में जुट गई है। वही मृतक के पास से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। मृतक ने अपने घर से 200 मीटर दूर किसी दूसरे के घर में आत्महत्या क्यों किया पुलिस इसकी जांच कार्यवाही में जुट गई है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)**

**:: ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा सूचना ::**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में **श्रेणी-डी** एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण** :- बेमेतरा जिले के विकासखंड **साजा** के ग्राम खपरीलोधी में **जल जीवन मिशन** अंतर्गत एकल ग्राम नलजल योजनाओं के अंतर्गत **UPVC pipe 6kg** पाईप लाईन जोड़ने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, बाउण्ड्रीवॉल, क्लोरीनेटर सिस्टम, क्लोरीनेटर रूम, इलेक्ट्रीसिटी कनेक्शन, घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि दिये गये शेड्यूल के अनुसार।

| स. क्र. | सिस्टम नम्बर | निविदा सू.क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख मे) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 160300 | 29 | खपरीलोधी एकल ग्राम (कुम्हीगुड़ा समूह) नलजल योजना | **49.32** |

1. बिड प्रारंभ की तिथि — 24.10.2024
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि — 30.10.2024

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक **24.10.2024** से देखे जा सकते है।

जी-242503369/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

# सरगुजा विकास प्राधिकरण का सीएम ने बढ़ाया बजट कहा-सरकार आदिवासी क्षेत्रों के विकास को प्रतिबद्ध

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के मयाली में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक ली। प्राधिकरण के सदस्यगणों तथा प्रमुख विभागों के सचिवों के उपस्थित में मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण अंतर्गत् स्वीकृत कार्यो की समीक्षा की और निर्देशित किया कि अप्रारंभ कार्यो को निरस्त कर प्रगतिरत् कार्यो को शीघ्र पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण के सदस्यों से वन-टू-वन चर्चा कर उनके क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं और मांगों की जानकारी लेते हुए प्रस्ताव देने की अपील की। उन्होंने बैठक में सदस्यों द्वारा बताई गई समस्याओं का संबंधित विभाग के माध्यम से निराकरण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विधायक श्रीमती रेणुका सिंह की मांग पर सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बजट राशि को 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ करने की घोषणा की। उन्होंने मयाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ की राशि देने की घोषणा भी की।





प्राधिकरण की बैठक संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय से ही प्रदेश का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में विकास के लिए प्राधिकरण का गठन कर संसाधन उपलब्ध कराए। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में पांच प्राधिकरण है। हमारी सरकार चाहती है कि बस्तर से लेकर सरगुजा क्षेत्र तक का विकास हो। इसके लिए बजट में राशि नहीं होने पर प्राधिकरण के माध्यम से आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। भारत सरकार और राज्य सरकार चाहती है कि प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गो का विकास हो। प्राधिकरण के माध्यम से इन क्षेत्रों में संसाधन की व्यवस्था कर विकास की गति को और आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने पीएम जनमन और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य और आदिवासी क्षेत्रों में विकास हेतु बजट का प्रावधान किया है। उनकी इन योजनाओं से राज्य के सभी क्षेत्रों में विकास कार्यो को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि उनकी सरकार ने बजट में आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए फोकस किया है। हमारी सरकार बस्तर और सरगुजा संभाग क्षेत्र के विकास के लिए वचनवद्ध होकर कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के मयाली में प्राधिकरण की बैठक को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारी की सरहाना की और कहा कि जशपुर जिले में खनिज संसाधनों का भण्डार होने के साथ ही वन एवं वनोपज की उपलब्धता है। यहॉ के वनोपज, महत्वपूर्ण उत्पादों का वैल्यू एडिशन कर ग्रामीणों एवं किसानों को आगे बढ़ाया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्राधिकरण की बैठक अपने गृह जिले तथा मयाली में करने के पीछे यहॉ के पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कहते हुए राजधानी रायपुर से बैठक में शामिल वरिष्ठ अधिकारियों से अपील की कि वे यहॉ के उत्पादों को देखे, इसका उपयोग करे और इन्हें बढ़ावा देने के साथ ही जशपुर जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल को भी बढ़ावा दे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में प्राधिकरण के सदस्यों द्वारा बताए गए समस्याओं को निराकरण करने की बात कही। उन्होंने लुण्ड्रा-बतौली क्षेत्र में गन्ना खरीदी केन्द्र को प्रारंभ करने की मांग का परीक्षण करने, विद्युत विहीन क्षेत्रों में विद्युत पहुंचाने की दिशा में कार्य करने, हाथी से जनहानि रोकने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने, क्षति की राशि को बढ़ाने की दिशा में विचार करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने एकलबत्ती कनेक्शन सहित अन्य लोगों को अधिक बिजली बिल मिलने की शिकायत पर ऊर्जा सचिव रोहित यादव को निर्देशित किया कि बिजली बिल संबंधी शिकायतों का परीक्षण कर निराकरण कराए। उन्होंने खाद्य विभाग के सचिव को जशपुर जिले के कुछ स्थानों पर राशन की कमी संबंधित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुनकुरी में जल संसाधन संभाग के संभागीय कार्यालय का लोकार्पण रिमोट का बंटन दबाकर किया। बैठक में उपस्थित उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि सरगुजा और बस्तर क्षेत्र का विकास हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। प्राधिकरण अंतर्गत् आज की बैठक में शामिल होकर मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र की विकास की प्रतिबद्धता और संकल्प को दोहराया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्राधिकरण के माध्यम से सरगुजा संभाग के लोगों की जीवन में परिवर्तन लाकर उनके जीवन को सुलभ बनाने का काम हमारी सरकार करेगी। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में बताया कि उन्होंने अपने अधीनस्थ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग और नगरी प्रशासन विकास विभाग बैठक लेकर महत्वपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने एवं अन्य कार्यो के लिए राशि जारी की है। पीडब्ल्यूडी अंतर्गत् सड़कों के मरम्मत के आदेश दिए गए हैं और तेज गति से कार्य करते हुए नवम्बर माह तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत् कार्यो की समीक्षा कर घर-घर नल और जल पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में काम किया जा रहा है। इस योजना में दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए ''हमने बनाया है हम ही संवारेगें'' की दिशा में कार्य कर रही है।

प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने जशपुर जिले में पर्यटन की अपार संभावना होने की बात कहते हुए प्राधिकरण की बैठक मयाली में होना सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के माध्यम से उत्तर क्षेत्र सरगुजा संभाग से विकास कार्यो की शुरूआत छत्तीसगढ़ को विकास की ओर ले जाएगा। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्राधिकरण का बैठक मयाली में आयोजित करने का उद्देश्य इस क्षेत्र की समस्याओं को चिन्हित कर निराकृत करना और पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि गांव को ईकाई बनाकर विकास कार्यो की शुरूआत कर प्रदेश का विकास किया जा सकता है। उन्होंने सरगुजा संभाग के महत्वपूर्ण उत्पादों की जानकारी देते हुए इसे बढ़ावा देने पर जोर दिया। मंत्री श्री नेताम ने प्राधिकरण के सदस्यों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के आश्रम-छात्रावासों की समस्याओं से भी अवगत करावें, ताकि उन समस्याओं का समाधान किया जा सके।

बैठक में उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने प्राधिकरण की पहली बैठक आयोजित करने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि बैठक के माध्यम से सरगुजा संभाग में महत्वपूर्ण कार्य आसानी से हो पाएंगे।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, सांसद सरगुजा चिन्तामणी महराज, विधायक जशपुर रायमुनी भगत, विधायक लुण्ड्रा प्रमोद मिंज, विधायक प्रतापपुर शकुंतला सिंह पोर्त, विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल, विधायक भरतपुर सोहत श्रीमती रेणुका सिंह, भैयालाल राजवाड़े तथा जिला पंचायत अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं की जानकारी देकर निराकरण की मांग की गई। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों की समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रकृति की गोद से लिखी जाएगी सरगुजा क्षेत्र के विकास की नई इबारत

**रायपुर।** प्रकृति की गोद से सरगुजा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। जशपुर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मयाली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक आयोजित है। जिसमें शामिल होने खड़सा व्यू प्वाइंट पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सभी अतिथियों का कर्मा नृत्य और पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढांक एवं नगाड़े की धुनों के बीच परम्परागत बांस की टोपी और डुंबर के फल और आम की पत्तियों की माला पहना कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खड़सा व्यू प्वाइंट से बैठक में शामिल होने मयाली डैम में बोट से सभी अतिथियों के साथ मयाली नेचर कैंप की खूबसूरती को निहारते हुए बैठक स्थल तक पहुंचे।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ बैठक में शामिल होने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण गोमती साय, सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर रायमुनी भगत, राम प्रताप सिंह, श्री कृष्ण कुमार राय, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, कमिश्नर जी आर चुरेंद्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, एसपी शशिमोहन सिंह भी पहुंचे।

जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल मयाली स्वदेश दर्शन योजना में शामिल, 10 करोड़ से होगा कायाकल्प

नेचर कैंप से एक ओर डैम की खूबसूरती तो दूसरी ओर विशालतम प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ का विहंगम दृश्य और दिखाई पड़ता है। चारों ओर फैली हरियाली इसकी सुंदरता और बढ़ जाती है। मयाली नेचर कैंप को स्वदेश दर्शन योजना में शामिल करने के साथ ही पर्यटन विभाग ने मयाली के विकास के लिए 10 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### मयाली नेचर कैंप- प्रकृति का अनुपम उपहार

जशपुर की सुरम्य पहाड़ियों की गोद में स्थित है प्रकृति का अनुपम उपहार मयाली। यहां मयाली नेचर कैंप जिले के कुनकुरी ब्लॉक में चराईडांड़ बगीचा स्टेट हाईवे के करीब स्थित है। डेम के किनारे, हरियाली से भरे हुए प्राकृतिक स्थल पर परिवार के साथ भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। वीकेंड के दिनों में मयाली में लोगों की भीड़ ज्यादा जुटती है। मयाली नेचर कैंप में बोटिंग की भी सुविधा है।

# राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल श्री डेका ने छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 कार्यक्रम के लिए प्रसन्नता व्यक्त की।



उन्होंने रेडक्रास के इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनने वाले युवा स्वयंसेवकों के समर्पण और सेवा भावना को नमन किया जो देश के भविष्य हैं और समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को समझते हैं। राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस न केवल आप सभी को चिकित्सा सेवाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में मदद करने का गुर सिखाता है, बल्कि यह मानवता के प्रति आपकी संवेदनशीलता और सेवा भावना को भी प्रबल करता है। यह प्रशिक्षण शिविर आपको न केवल कौशल प्रदान करेगा, बल्कि जीवन के उन आदर्शों को भी सिखाएगा, जिनसे समाज में शांति, सद्भावना और एकता को बढ़ावा मिलता है। आज, पूरी दुनिया विभिन्न चुनौतियों से जूझ रही है।

राज्यपाल ने कहा कि शिविर में न केवल आपातकालीन सहायता, प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बल्कि समाज में मानवता, शांति और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना, सामुदायिक विकास, सामाजिक समरसता, और नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। यह शिविर सभी को एक बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि आप यहां से जो भी सीखकर जाएंगे, अपने परिजनों को, मित्रों को भी अवश्य सीखाएं और बताएं ताकि आपात कालीन परिस्थितियों में वे भी अन्य लोगों की सहायता कर सकें।

राज्यपाल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और भारतीय रेडक्रॉस समिति दुर्ग को इस सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रेडक्रॉस सोसायटी के पांच दिवसीय कार्यक्रम में 33 जिलों से आए छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ओवर ऑल बेहतर प्रदर्शन के लिए दुर्ग जिले को प्रथम एवं बालोद जिले को द्वितीय स्थान मिला। नारायणपुर जिले की जूनियर रेडक्रॉस सदस्य कु. नीलिमा मण्डावी व कोरिया जिले के बालक रमेश कुमार को सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप राज्यपाल के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ।

छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के सीईओ एम.के.राउत ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला एवं चेयरमेन अशोक कुमार अग्रवाल ने शिविर के गतिविधियों के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मलखम्भ का भी प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल ने मार्चपास्ट, लोक गीत, लोक नृत्य, निबंध, पेंटिंग, अंताक्षरी, एवं क्वीज, झांकी, फूड एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी, फिजिकल डिस्प्ले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों ने राज्यपाल को खुमरी पहनाया व राज्यपाल की पोट्रेट, चिरई चुगनी एवं इक तारा भेंट की। इस अवसर पर दुर्ग जिला रेडक्रॉस समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# बेमेतरा कुटुम्ब न्यायालय भवन का हुआ भूमिपूजन व शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से बेमेतरा में कुटुम्ब न्यायालय भवन का भूमिपूजन व शिलान्यास किया। मुख्य न्यायाधिपति श्री सिन्हा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में गुणवत्तायुक्त तथा सर्वसुविधायुक्त न्यायालय व आवासीय भवन उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में कुटुम्ब न्यायालय भवन बेमेतरा का भूमिपूजन व शिलान्यास किया जा रहा है।







मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने न्यायालय भवन के गुणवत्तापूर्ण निर्माण व समय-सीमा के अन्तर्गत निर्माण पर बल देते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग तय समय-सीमा के अन्तर्गत इतना अच्छा व गुणवत्तायुक्त न्यायालय भवन तैयार करें। उन्होंने कहा कि नवीन भवन सभी प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित होगा जिससे यहां पक्षकारों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि भवन निर्माण हो जाने के बाद कुटुम्ब न्यायालय के अधिकारी और कर्मचारीगण की कार्य क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने न्यायालय परिसर में साफ-सफाई एवं रखरखाव को सुनिश्चित करने की बात कही।

बेमेतरा नवीन कुटुम्ब न्यायालय भवन का निर्माण 18 हजार वर्गफीट में होगा। जिसमें कोर्ट रूम, न्यायाधीश विश्राम कक्ष, मीटिंग हाल, लाइब्रेरी, काउंसिलिंग रूम, किलकारी रूम, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, लेखा शाखा, प्रतिलिपि, कम्प्यूटर, रीडर्स, स्टेनो, स्टाफ न्यायालय अधीक्षक, अधिवक्ता आवक जावक, सेंट्रल फाइलिंग, नजारत, महिला कामन रूम, पुरूष कामन रूम, वेटिंग रूम व इन्फार्मेशन रूम के लिए एक-एक कक्ष होगा तथा दो-दो कक्ष मीडिएशन व स्टोर रूम के लिए होंगे। इस निर्माण को कार्यादेश से कुल 15 माह के भीतर पूर्ण किया जाना है। इस नवीन भवन के लिए 2 करोड़ 73 लाख 86 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त है। इस अवसर पर छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश बेमेतरा न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950